मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 26 |
| आर्द्रता | 83% |
| सूर्योदय: 5:11 | सूर्यास्त: 17:59 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



डोमजूर में ओएनजीसी के कारखाने में लगी भीषण आग –पृष्ठ 5

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सिर्फ सोच का ही फर्क है वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं मजबूत बनाती है..!




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल में 100 साल तक बिजली की कमी नहीं होगी : ममता

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सालबोनी में 1,600 मेगावाट के अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट की आधारशिला रखी और दावा किया कि यह राज्य में औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि यह बंगाल के लिए एक ऐतिहासिक परियोजना है। राज्य में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सालबोनी में जिंदल समूह के ताप विद्युत संयंत्र की आधारशिला रखते हुए उक्त बात कही। उन्होंने अपने संदेश में पूर्ववर्ती वामपंथी सरकार पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पहले लोग कहते थे कि लोड शेडिंग के लिए सरकार जिम्मेदार है, लेकिन अब इसकी कोई जरूरत नहीं है। इस परियोजना के कारण अगले 100 वर्षों तक राज्य में बिजली की कोई समस्या नहीं होगी। ममता ने कहा कि जेएसडब्ल्यू एनर्जी द्वारा 16,000 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित किए जाने वाले इस संयंत्र में 800 मेगावाट की दो इकाइयां होंगी. पहली इकाई 42 महीने में तथा



सालबोनी में जिंदल ग्रुप के पावर प्लांट की आधारशिला कार्यक्रम में शामिल हुईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सज्जन जिंदल एवं अन्य।

दूसरी 48 महीने में चालू होने की उम्मीद है। यह जेएसडब्ल्यू समूह का पूर्वी भारत में ऊर्जा क्षेत्र में पहला ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है। ममता ने इस अवसर पर कहा कि यह एक ऐतिहासिक परियोजना है। मैं जिंदल समूह और उनके सभी अधिकारियों को बधाई देती हूं। उन्होंने इस अवसर पर डिजिटल दीप प्रज्ज्वलित किया और आधारशिला पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि कुल 1,600 मेगावाट बिजली पैदा की जाएगी, इसमें दो चरणों में 800-800 मेगावाट और इस पहल से 23 जिले लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को एक विशेष प्रकार की पर्यावरण-अनुकूल पहल और इसे समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से लगभग 15,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है और उन्होंने प्रतिस्पर्धी बोली की पारदर्शी प्रक्रिया की सराहना की जिसके माध्यम से जिंदल समूह ने अनुबंध हासिल किया। ममता ने बिजली की बढ़ती मांग का हवाला देते हुए यह भी घोषणा की कि राज्य में दो और बिजली इकाइयां विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बंगाल को अधिक से अधिक बिजली की जरूरत है। हम उस मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में बढ़ती बिजली जरूरतों पर प्रकाश डालते हुए मममता ने कहा कि हाल के वर्षों में पश्चिम मेदिनीपुर में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 1.87 लाख से बढ़कर 2.30 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए हम अपने बुनियादी ढांचे को लगातार उन्नत बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बार देउचा-पचामी कोयला ब्लॉक परियोजना पूरी हो जाने पर बंगाल को बिजली की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष सज्जन जिंदल ने सालबोनी को समूह के लिए एक स्वप्न बताया और राज्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## विनम्र स्वभाव से विश्व पर अमिट छाप छोड़ने वाले पहले लैटिन अमेरिकी पोप का निधन



**वेटिकन सिटी :** अपने विनम्र स्वभाव और गरीबों के प्रति चिंता से एक सहृदय पोप के रूप में विश्व पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले कैथोलिक समुदाय के पहले लैटिन अमेरिकी पादरी पोप फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। पोप के निधन की घोषणा के बाद, पूरे रोम में चर्च के टावर के घंटे बजने लगे। कार्डिनल केविन फेरेल ने डोमस सेंटा मार्टा के चैपल से यह घोषणा की, जहां फ्रांसिस रहते थे। कार्डिनल केविन फेरेल वेटिकन के कैमरलेंगो हैं। कैमरलेंगो की पदवी उन कार्डिनल या उच्चस्तरीय पादरी को दी जाती है जो पोप के निधन या उनके इस्तीफे की घोषणा के लिए अधिकृत होते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच के लिए दायर याचिका में आरोपों को लेकर लगाई फटकार

- **कोर्ट का तंज... 'हम पर संसदीय कार्यों में दखल का आरोप लग रहा'**



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका में याचिकाकर्ता के निराधार दावों को लेकर सोमवार को उसे फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता अधिवक्ता शशांक शेखर झा को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी तथा उन्हें नयी याचिका दायर करने की छूट प्रदान की। इस दिन, शीर्ष अदालत ने झा की याचिका में किए गए दावों को लेकर उनकी खिंचाई करते हुए कहा कि याचिका आवश्यक पक्षों के अलावा किसी भी उचित सत्यापन के बिना दायर की गई। पीठ ने कहा कि लगता है आप किसी जल्दबाजी में हैं। पीठ ने कहा कि हमें हमेशा संस्था की अखंडता और मर्यादा को बनाए रखना चाहिए, सोचें कि कौन से कथन कहे जाने चाहिए और कौन से नहीं। प्रचार पाने की कोशिश न करें। ठंडे दिमाग से सोचें। न्यायमूर्ति कांत ने झा से कहा कि उच्चतम न्यायालय में हर कथन रिकॉर्ड पर रखा जाता है, जहां हर आदेश और दलील मायने रखती है। उन्होंने कहा कि इस अदालत में हर चीज रिकॉर्ड पर रखी जाती है। अदालत में दायर निवेदन और इस अदालत द्वारा पारित आदेश भावी पीढ़ियों के लिए मौजूद रहेंगे। भविष्य में जब कोई इस मामले की दलीलें देखेगा, तो क्या आपको लगता है कि उसे यह पसंद आएगी? इसलिए, हम फिर से कह रहे हैं कि इस याचिका को वापस ले लें और एक नयी याचिका दायर करें। दलीलों में शालीनता बनाए रखने और आपत्तिजनक बयानों से बचने की आवश्यकता है। वकील ने कहा कि वह शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के लोगों को पड़ोसी राज्यों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

न्यायाधीश ने कहा कि वे पीड़ित व्यक्ति कहां हैं। क्या आपने उन व्यक्तियों का उल्लेख किया है। क्या आपने उनके दावों की पुष्टि की है। हम हर उस नागरिक का सम्मान करते हैं जो हमारे पास आना चाहता है। उनका यहां स्वागत है। लेकिन जिम्मेदारी की भावना के साथ यह होना चाहिए। किसी को भी अपने कथन को लेकर सावधान रहना चाहिए। जिन लोगों को याचिका में पक्ष नहीं बनाया गया, उनके खिलाफ लगाए गए अप्रमाणित आरोपों पर न्यायाधीश ने कहा कि आप उन लोगों के खिलाफ आरोप लगा रहे हैं जो हमारे सामने नहीं हैं। क्या हम इन आरोपों को स्वीकार कर सकते हैं और उनकी गैरमौजूदगी में जांच कर सकते हैं? आपने उन्हें पक्ष नहीं बनाया है। जब झा ने संशोधन कर नयी याचिका दायर करने पर सहमति जताई तो न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि इसीलिए हमने शुरू में कहा था कि आप जल्दबाजी में हैंहां, हम चाहते हैं कि बेजुबान लोगों को न्याय मिले, लेकिन आपको यह उचित तरीके से करना होगा। इस तरह नहीं। इसके बाद पीठ ने झा को अपनी याचिका वापस लेने और बेहतर एवं उचित विवरण के साथ नयी याचिका दायर करने की अनुमति दी।

# पथुरियाघाटा स्ट्रीट में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, दो पुरोहितों की मौत

- **15 दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया**
- **मेयर फिरहाद हकीम व स्थानीय पार्षद ईलोरा साहा ने घटनास्थल का किया दौरा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर कोलकाता के वार्ड 24 में जोड़ाबागान थाना अंतर्गत पथुरियाघाटा स्ट्रीट स्थित एक व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान किशनलाल उपाध्याय (58) और सुनील कुमार शर्मा (48) के रूप में हुई है। दोनों पुरोहित का काम कर अपनी आजीविका चलाते थे। पुलिस के अनुसार, किशनलाल उपाध्याय मूलतः राजस्थान के जयपुर व सुनील शर्मा मूलतः राजस्थान के झुंझुनू का निवासी थे। जबकि, अगलगी की घटना में मुन्ना राम (30) व रजनी राम (28) झुलस गए हैं। इनके इलाज कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, घटना रविवार की देर रात लगभग 12.40 बजे 65/ए पथुरियाघाटा स्ट्रीट स्थित एक चार मंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर हुई, जहां कपड़ों का बड़ा गोदाम था। दमकल के अनुसार, कड़ी मशक्कत के बाद 15 दमकल गाड़ियों ने आखिरकार सोमवार की सुबह आग पर काबू पा लिया। बताया गया है कि इमारत संकरी गली में होने के कारण दमकल कर्मियों को शुरूआती दौर में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दमकल विभाग के अनुसार, आग लगते ही इमारत में रह रहे कई लोग जान बचाने के लिए ऊपर की मंजिलों और छत की ओर भागे। लेकिन जब वे छत तक पहुंचे, तो पाया कि दरवाजा बंद है। कुछ लोगों को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित नीचे उतार लिया, लेकिन दो लोग वहीं फंसे रह गए। इसके बाद, दमकल कर्मियों ने किशनलाल उपाध्याय और सुनिल शर्मा को बेहोशी की हालत में पाया और उन्हें तुरंत मध्य कोलकाता स्थित कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। कुछ देर बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राज्य दमकल सेवा विभाग के सूत्रों ने बताया कि पूरी संभावना है कि दोनों पुरोहितों की मौत आग से निकलने वाले धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ के कारण हुई होगी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग कैसे लगी। दमकल विभाग ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ, इस दिन, सुबह में मेयर फिरहाद हकीम व स्थानीय पार्षद ईलोरा साहा ने घटनास्थल का दौरा किया।

# दस साल से अधिक आयु के बच्चे अब खुद चला सकेंगे अपना बैंक खाता

**आरबीआई ने दी अनुमति**

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिग बच्चों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने इस संदर्भ में नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन पर संशोधित निर्देश जारी किये हैं। आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को जारी एक परिपत्र में कहा कि किसी भी आयु के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। उन्हें अपनी मां को अभिभावक के रूप में रखकर भी ऐसे खाते खोलने की अनुमति दी जा सकती है। परिपत्र में कहा गया, ''कम-से-कम दस वर्ष की आयु सीमा और उससे ऊपर के नाबालिगों को उनकी इच्छा पर स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। इसमें बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए राशि और शर्त तय कर सकते हैं। इस बारे में जो भी नियम और शर्तें तय की जाती हैं, उस बारे में खाताधारक को जानकारी दी जाएगी।'' इसके अलावा, वयस्क होने पर, खाताधारक के नये संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए।

# बाल तस्करी को लेकर स्थिति बद से बदतर होती जा रही है: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में बच्चों की तस्करी का गिरोह चलाने की एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देते हुए सोमवार को कहा कि ''स्थिति बद से बदतर होती प्रतीत हो रही है।'' न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने द्वारका क्षेत्र में कई नवजात शिशुओं की तस्करी के मामले की जांच का जिम्मा संभाल रहे दिल्ली पुलिस के एक निरीक्षक से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ''स्थिति बद से बदतर होती प्रतीत हो रही है।'' उन्होंने संबंधित पुलिस थाने को गिरोह की सरगना पूजा को गिरफ्तार करने और तीन लापता शिशुओं का पता लगाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। पीठ ने शिशुओं की तस्करी में माता-पिता की कथित संलिप्तता को गंभीरता से लेते हुए कहा, ''आपको पता नहीं होता कि ये बच्चे कहां पहुंचेंगे। आप जानते हैं कि ऐसी कोई बच्ची कहां पहुंचती है?'' न्यायाधीश ने कहा, ''दुर्भाग्य की बात यह है कि ऐसा लगता है कि माता-पिता ने ही अपने शिशुओं को बेचा।'' पीठ ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी और पुलिस अधिकारी से उसे मामले में उठाए गए कदमों से अवगत कराने को कहा। पीठ ने कहा, ''आपको इन लापता बच्चों को किसी भी कीमत पर ढूंढना होगा और सरगना को गिरफ्तार करना होगा।'' दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने किया। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को एक अन्य मामले में अंतर-राज्यीय बाल तस्करी गिरोह के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था।

# अमेरिका पहुंचे राहुल ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया

**भाजपा ने उन्हें 'देशद्रोही' बताया**



**बोस्टन/नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए भारत की चुनावी प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की (सरकार के साथ) 'मिलीभगत' है। उन्होंने अमेरिका के बोस्टन में यह भी दावा किया कि भारत की चुनावी प्रणाली में कुछ न कुछ गड़बड़ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनकी इस टिप्पणी को लेकर उन्हें ''देशद्रोही'' करार दिया और 'नेशनल हेराल्ड' मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर निर्वाचन आयोग पर अपनी भड़ास निकालने का आरोप लगाया। राहुल गांधी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर अमेरिका पहुंचे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दावा किया कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि इतने समय में इतने अधिक लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंच कर वोट डालना संभव नहीं है।

**राहुल जब भी विदेश जाते हैं, भारत के बारे में घृणित विचार साझा करने से नहीं चूकते: प्रधान**

# सरकार अगले हजार साल की रूपरेखा तय करने वाली नीतियां बना रही है: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती तथा उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे अगले 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगी। मोदी ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। मोदी ने यहां विज्ञान भवन में सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। उन्होंने नौकरशाहों को दिए गए लगभग 40 मिनट के अपने भाषण के दौरान भारत के समाज, युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे।''



## दिन व मजदूरी बढ़ाने की सिफारिश

भले ही मौजूदा केंद्रीय सरकार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा को लेकर उत्साहजनक प्रतिसाद नजर न आता हो, लेकिन बदलते वक्त में पैदा चुनौतियों में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। कोरोना काल ने इस योजना की उपयोगिता को साबित किया है। देश के ग्रामीण अंचल में जहां एक ओर लाखों श्रमिकों व महिलाओं को रोजगार मिला, वहीं अन्य राज्यों के लिये होने वाले पलायन पर रोक लगी। सही मायनों में देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिये एक उम्मीद बनकर उभरा है मनरेगा। खासकर अकुशल श्रमिकों को अपने घर के आसपास काम मिलने से लाखों घरों के चूल्हे जलते रहे हैं। लंबे समय से इस योजना के लिये धन आवंटन तथा काम के दिन व मजदूरी बढ़ाने की मांग होती रही है। जिस पर संसद की स्थायी समिति ने मोहर लगा दी है। दरअसल हाल ही में संपन्न बजट सत्र के अंतिम सप्ताह में संसदीय समिति ने मंदी की आहट व ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के चलते श्रम दिवसों की संख्या डेढ़ सौ दिन करने के साथ मजदूरी चार सौ रुपये प्रतिदिन करने की सिफारिश की है। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई व अदृश्य बेरोजगारी दूर करने में ये बदलाव लाभकारी साबित हो सकते हैं। मौजूदा दौर में कम मजदूरी में जीवन-यापन लगातार कठिन होता जा रहा है। यदि ये बदलाव सिरे चढ़ते हैं तो योजना के सार्थक परिणाम सामने आएंगे। जिसे मूर्तरूप देने हेतु मनरेगा के लिये आवंटित धन में वृद्धि भी जरूरी है।

इसमें दो राय नहीं कि मनरेगा को लेकर अनेक विसंगतियां भी सामने आई हैं। इसमें भ्रष्टाचार और फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिये लाभ उठाने के मामले हैं। आधार कार्ड के जरिये भुगतान ऑनलाइन करने के बाद लाखों श्रमिक फर्जी पाये गए। निस्संदेह, योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जरूरी है। लेकिन मानना चाहिए कि ग्रामीण इलाकों में कम पढ़े-लिखे लोगों व ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग न कर पाने से भी कई तरह की विसंगतियां सामने आ सकती हैं। इसमें ठेकेदारों की मनमानी व अनियमितताओं की भी भूमिका हो सकती है। दरअसल, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने योजना का मूल्यांकन करके कई रचनात्मक सुझाव दिए थे। जिसमें राज्यों में मजदूरी में एकरूपता लाने तथा काम के दिन बढ़ाने के भी सुझाव शामिल थे। जिस पर अब संसद की स्थायी समिति ने मोहर लगाई है। साथ ही,नीतिगत सुधारों के लिये पारदर्शी सर्वेक्षण की बात भी कही गई है। निस्संदेह, ऐसे प्रयासों से योजना में श्रमिकों की भागीदारी बढ़ेगी। साथ ही जरूरी है कि मनरेगा के जरिये उत्पादक कार्यों को बढ़ावा दिया जाए। जिससे देश की कर्मशील आबादी में वृद्धि होगी। शायद तब देश के अस्सी करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज बांटने की जरूरत न होगी। लेकिन साथ ही जरूरी है कि मनरेगा के बजट आवंटन में जो ठहराव पिछले दिनों देखने में आ रहा था, उसे भी दूर किया जाए। जिसको लेकर विपक्षी कांग्रेस सत्तारूढ़ दल पर हमले बोलती रही है। कांग्रेस अपने कार्यकाल में लायी गई योजना को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये सुरक्षा कवच बताती रही है।

# हिन्दी विरोध की संकीर्ण राजनीति के दंश



ललित गर्ग







हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नयी बात नहीं है लेकिन तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध यही बताता है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से किस तरह भाषा को हथियार बनाया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। हिन्दी दुनिया का तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बनने की ओर अग्रसर है। हिन्दी विदेशों में सम्मान पा रहे हैं और अपने ही देश में उपेक्षा एवं विवाद का शिकार बन रही है। महाराष्ट्र और अन्य गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी की स्वीकार्यता इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि उसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। हिंदी का मराठी या अन्य किसी भाषा से कोई झगड़ा नहीं। क्या यह विचित्र नहीं कि हिंदी का विरोध उस महाराष्ट्र में हो रहा है, जिसकी राजधानी हिंदी फिल्म उद्योग का गढ़ है? हिंदी फिल्म उद्योग ने मुंबई को न केवल प्रतिष्ठित किया है, बल्कि महाराष्ट्र के लोगों को लाभान्वित भी किया है। क्या राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे आदि हिंदी फिल्म उद्योग का भी विरोध करेंगे? ऐसा करके वे अपने राज्य के लोगों के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का ही काम करेंगे। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदी विरोध के नाम पर लोगों की भावनाएं भड़काने का काम अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए किया जाता है। यह और कुछ नहीं, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने और लोगों में वैमनस्य पैदा करने वाली क्षुद्र राजनीति है।

त्रिभाषा फार्मूले में केन्द्र सरकार चाहती है कि भारत में प्रत्येक छात्र को तीन भाषाएँ सीखनी चाहिए, जिनमें से दो मूल भारतीय भाषाएँ होनी चाहिए, जिसमें एक क्षेत्रीय भाषा शामिल होनी चाहिए और तीसरी अंग्रेज़ी होनी चाहिए। यह सूत्र सरकारी और निजी दोनों स्कूलों पर लागू होता है और शिक्षा का माध्यम तीनों भाषाओं में से कोई भी हो सकता है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के त्रिभाषा फार्मूले के तहत मराठी और अंग्रेजी के साथ हिंदी को पढ़ाए जाने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय पर विपक्षी दलों की राजनीतिक आक्रामकता का कारण वोट की राजनीति एवं भाजपा के बढ़ते वर्चस्व को विराम लगाने की स्वार्थी मानसिकता है। त्रिभाषा फार्मूले पर सबसे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे ने आपत्ति उठाई। यह वही राज ठाकरे हैं, जो हिन्दुत्व का झंडा हाथ में लेकर स्व-संस्कृति की वकालत करते रहे हैं। इस पर हैरानी नहीं कि उद्धव ठाकरे भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी शिवसेना ने एक समय दक्षिण भारतीयों को मुंबई से भगाने का अभियान छेड़ा था, फिर उसके निशाने पर उत्तर भारतीय आ गए थे। हैरानी इस बात की है कि शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता भी त्रिभाषा फार्मूले के तहत हिंदी पढ़ाए जाने का विरोध कर रहे हैं और इसके पीछे साजिश देख रहे हैं। अच्छा होता कि मराठी अस्मिता की रक्षा के बहाने हिंदी को निशाने पर ले रहे ये नेता यह बताते कि तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का विरोध करने के क्या कारण है? केवल मोदी सरकार ने इसे प्रस्तुत किया है, इस कारण इसका विरोध मानसिक दिवालियापन का द्योतक है।

तीसरी भाषा के रूप में हिंदी का चयन इसलिए सर्वथा उपयुक्त है, क्योंकि एक तो वह आधिकारिक राजभाषा एवं सबसे प्रभावी संपर्क भाषा है और दूसरे, महाराष्ट्र में बड़ी संख्या में हिंदी बोलने-समझने वाले हैं। ये वे लोग हैं, जो काम-धंधे के सिलसिले में महाराष्ट्र गए और फिर वहीं बस गए। इन्होंने महाराष्ट्र के विकास में योगदान भी दिया है। इसकी अनदेखी करते हुए हिंदी का विरोध करना एक तरह का नस्लवाद ही है, एक तरह की संकीर्ण एवं स्वार्थी मानसिकता है। संचार और सूचना क्रांति तथा तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र आदि गैर हिन्दी भाषी राज्यों की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, पर उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने वालों की तादाद बढ़ी है। चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर महाराष्ट्र या फिर गैर हिन्दी भाषी राज्य का, उसके हाथ में यदि फोन है, उसमें इंटरनेट का कनेक्शन है, तो तय है कि उसकी अंगुलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं, इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और न ही कोई दीवार उसे रोक सकती है। फिर हिन्दी तो हिन्दुस्तान की अस्मिता एवं अस्तित्व से जुड़ी भाषा है। दुनिया में जहां कहीं भी लोग अन्यत्र जाकर बसते हैं, वे अपने साथ अपनी संस्कृति और भाषा भी ले जाते हैं। यदि कोई यह चाहता है कि ऐसा न हो तो ऐसा होने वाला नहीं है। महाराष्ट्र के विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं, तमिलनाडू में इसके रोकने के प्रयास हो रहे हैं, वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक अलग नजरिया दिया। उन्होंने हिंदी सहित कई भाषाओं की शिक्षा की वकालत की है। नायडू ने कहा कि भाषा केवल संचार का एक साधन है। आप सभी जानते हैं कि तेलुगु, कन्नड़, तमिल और अन्य भाषाएं विश्व स्तर पर चमक रही हैं। नॉलेज अलग है, भाषा अलग है। हिंदी भी देश में कम्युनिकेशन लैंग्वेज के तौर पर जरूरी है।

हिन्दी हमारी मातृभाषा के साथ-साथ राजभाषा होने के बावजूद उसको उचित सम्मान न मिलना या हिन्दी के नाम पर विध्वसंक राजनीति होना अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है, सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा भी हिन्दी ही है। गूगल के अनुसार हिन्दी दुनिया की ऐसी भाषा है जिसमें सर्वाधिक कंटेंट (पाठ्य सामग्री) का निर्माण होता है। सर आइजेक पिटमैन ने कहा है कि संसार में यदि कोई सर्वांग पूर्ण लिपि है तो वह देवनागरी है। निश्चित ही सशक्त भारत-विकसित भारत निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए हिन्दी में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। तथ्य यह भी है कि उत्तर भारत के अलावा देश के अन्य राज्यों से जो राजनेता प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कभी हिंदी का विरोध नहीं किया। दक्षिण भारत से पहले प्रधानमंत्री बने पी वी नरसिंह राव धाराप्रवाह हिंदी बोलते थे। कर्नाटक के नेता एच.डी. देवेगौड़ा जब पीएम बने तो उन्होंने लालकिले से हिंदी में ही अपना भाषण दिया था। हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एवं राजनीतिक विरोध एक बड़ा प्रश्न है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में हिन्दी को नहीं मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों?

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के आरोप में पत्नी गिरफ्तार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश की हत्या के मामले की जांच कर रही पुलिस ने उनकी पत्नी पल्लवी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पूर्व डीजीपी के बेटे कार्तिकेश की शिकायत पर की गई है। कार्तिकेश ने शिकायत में कहा था कि उन्हें संदेह है कि उनकी मां और बहन ने पिता की हत्या की। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा, ''जांच अधिकारी ने पल्लवी ओम प्रकाश (64) को गिरफ्तार कर लिया है। उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त मामले की जांच बेंगलुरु की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) को दे दी गई है। इस बीच, जब पुलिस पल्लवी को अपराध स्थल पर ले गई तो उसने वहां मौजूद पत्रकारों को बताया कि उसने ''घरेलू हिंसा'' से तंग आकर यह कदम उठाया। बिहार निवासी 1981 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी ओम प्रकाश रविवार को बेंगलुरु स्थित अपने आवास में मृत पाए गए थे। उनका शव एचएसआर लेआउट स्थित उनके तीन मंजिला आवास के भूतल पर खून से लथपथ मिला।पुलिस सूत्रों ने कहा कि बताया जा रहा है कि तीखी नोकझोंक के बाद पल्लवी ने प्रकाश के चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंका और फिर चाकू घोंपकर उनकी हत्या कर दी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 अप्रैल, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी, 18:07 तक , नक्षत्र : श्रावण, 12:31 तक , योग : शुभा, 21:01 तक, सूर्योदय: 5:11, सूर्यास्त: 17:59, चन्द्रोदय : 01:12, चन्द्रास्त: 12:24, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:45 से 16:20

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। संतान के करियर को लेकर यदि आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी आपकी काफी हद तक दूर होगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आप अपने किसी मित्र को लेकर कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में बेहतर रखने वाला है। आपको किसी से यदि कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर रहेगा। कोई सरकारी टेंडर आपको मिलने की संभावना है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने किसी मित्र से अपने मन की इच्छा को जाहिर कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका मन कामों को लेकर परेशान रहेगा, क्योंकि संतान के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए किसी नए घर या दुकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश आपके रंग लाएगी। आपकी कोई पुरानी गलती के कारण आपको पछतावा होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी के बहकावे में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपकी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। आप मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे। आपको किसी मकान या दुकान से यदि कोई इनकम थी, तो वह बंद हो सकती है।

# बिहार को मिलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल की सौगात

## वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत का संगम बनेगा बिहार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल को आधुनिक भारतीय रेल की त्रिवेणी कहा है। इस त्रिवेणी की दो नई रेलगाड़ियां का परिचालन बिहार से होने वाला है। बिहार में पहले से ही कई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जबकि एक अमृत भारतीय एक्सप्रेस का परिचालन पहले से दरभंगा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच वाया अयोध्या किया जा रहा है। हाल ही में, रेलवे ने बिहार के लिए कई नई परियोजनाएं स्वीकृत की है। पर्याप्त फंड आवंटन से पुरानी परियोजनाओं के निर्माण काम में भी तेजी आई है जिसकी बदौलत परियोजनाएं द्रुत गति से पूरी हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की ऐसी ही तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित भी करने वाले हैं। नई गाड़ियों के परिचालन और नवनिर्मित परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बिहार का रेल परिदृश्य पहले से और भी बेहतर हो जाएगा। परियोजनाओं में सुपौल पिपरा नई लाइन, खगड़िया अलौली नई लाइन और हसनपुर विथान नई लाइन शामिल हैं। इन नई लाइनों पर दो पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन भी प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन बिहार वासियों के बीच सबसे अधिक उत्साह नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच प्रारंभ की जा रही है अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर है।

नमो भारत रैपिड रेल वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ ही ने भारत की नई पहचान बनी है। कम दूरी के शहरों के बीच विश्वस्तरीय रेल सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नमो भारत रैपिड रेल ने इंटरसिटी ट्रैवल के क्षेत्र में एक नया मुकाम गढ़ा है। पहले नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन गुजरात के अहमदाबाद और भुज के बीच किया गया और अब दूसरी नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन जयनगर और पटना के बीच किए जाने की घोषणा की गई है। पहले नमो भारत में जहां एयर कंडीशन्ड 12 कोच थे,वहीं बिहार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जयनगर-पटना नमो भारत रैपिड रेल में 16 कोचों की व्यवस्था की गई है जिसमें 2000 से अधिक यात्री एक साथ सफर कर सकते हैं। नमो भारत रैपिड रेल जो मेड इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बनाया गया है, कई नए सेफ्टी एवं पैसेंजर एमेनिटी फीचर से लैस है। इस ट्रेन में कवच सुरक्षा सिस्टम लगाया गया है। साथ ही सभी कोचों में सीसीटीवी तथा फायर डिटेक्शन सिस्टम भी इंस्टॉल किया गया है। आपातकालीन स्थिति में ट्रेन के मैनेजर से यात्री बात कर सकें, इसके लिए प्रत्येक कोच में आपातकालीन टॉकबैक सिस्टम भी लगाया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर नमो भारत रैपिड रेल में भी दोनों छोर पर लोको पायलट कैब लगाया गया है जिससे इंजन रिवर्सल की समस्या समाप्त हो गई है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की एर्गोनॉमिकली डिजाइन सीटें लगाई गई है जो काफी कंफर्टेबल हैं।

### बिहार को बृहस्पतिवार को मिलेगी दूसरी अमृत भारत ट्रेन सेवा, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार के सहरसा और मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस के बीच गैर वातानुकूलित अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेलवे बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बार शुरू होने पर, यह बिहार को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली दूसरी ऐसी अत्याधुनिक ट्रेन होगी। फिलहाल अमृत भारत ट्रेनें दो मार्ग पर चलाई जा रही हैं। पहली ट्रेन दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार मार्ग पर बिहार को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ती है और दूसरी ट्रेन मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया मार्ग पर चलती है, जो पश्चिम बंगाल को कर्नाटक से जोड़ती है। रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया, सहरसा-मधुबनी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सेवा तीसरा मार्ग है और बिहार के लिए दूसरा मार्ग है जिस पर अमृत भारत ट्रेन चलाई जाएगी। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी (24 अप्रैल को) करेंगे। उन्होंने कहा, इस मार्ग पर अन्य महत्वपूर्ण स्टेशन हाजीपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और भुसावल हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को पकड़ सकती है। खास तौर पर मध्यम वर्ग और अंत्योदय (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्गों के लिए तैयार की गई यह सेवा जेब पर भारी नहीं पड़ेगी और 1,000 किलोमीटर की यात्रा के लिए टिकट की कीमत करीब 450 रुपये होगी। कुमार ने बताया, अमृत भारत 2.0 ट्रेनें आईसीएफ (इंटीग्रल कोच फैक्टरी) में निर्मित की गई हैं और इनमें पुश-एंड-पुल तकनीक है, जिसका अर्थ है कि इनमें दोनों छोर पर इंजन हैं।

## आरेडिका महाप्रबंधक ने कुल्लु-मनाली एवं मणिकरण भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली से कर्मचारी हित निधि के माध्यम से रमणीय स्थल कुल्लु-मनाली एवं मणिकरण भ्रमण हेतु 7 दिवसीय कर्मचारी भ्रमण शिविर का आयोजन कार्मिक विभाग के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के 70 कर्मचारियों का दल भ्रमण हेतु जा रहा है। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने कर्मचारी शिविर दल को शुभकामनाएं देते हुए हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि ऐसे कर्मचारी भ्रमण शिविर रेल कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। आपसी सामंजस्य की भावना एवं मिलजुल कर कार्य करने की शैली विकसित करते हैं। सामाजिक तथा सांस्कृतिक सदभाव को बढावा देने वाले होते हैं, क्योंकि लोगों को विभिन्न संस्कृति एवं सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होने का अवसर मिलता है।आरेडिका प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को आरेडिका से लखनऊ तक आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था की गयी है, आगे लखनऊ से चण्ढीगढ़ तक का सफर रेलगाड़ी द्वारा तय किया जाएगा, तथा चण्ढीगढ़ से मनाली एवं अन्य गंतव्य स्थानों का सफर सड़क मार्ग के माध्यम से पूरा किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी लोगों के रहने एवं खान पान की समुचित व्यवस्था की गयी।आरेडिका के सभी कर्मचारी प्रतिनिधि यूनियानों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। आरेडिका प्रशासन ने कहा कि ऐसे कर्मचारी भ्रमण शिविर रेल कर्मचारियों के लिए आगे भी भविष्य में आयोजित किए जाते रहेंगे।इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उप-स्थित रहे।

## वर्ग पहेली नं. 3070

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | ■ |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | 28 | | |
| 29 | ■ | | ■ | 30 | | 31 | | ■ | ■ |
| 32 | | | | | ■ | 33 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) जयपराजयहीनता, 4) विनम्र, 7) एक मिठाई, 9) सरस्वती, 11) चिंताग्रस्त, 12) मछली की एक जाति, 14) दो से विभाज्य एक संख्या, 15) बयार, 16) खून, 17) दौड़-धूप, 19) सिर पर का एक हलका पहनावा, 20) प्रस्थान, 21) आघात, 22) अच्छा हो कि, 23) भार रखना, 25) एक अष्टपद जालकीट, 28) कीर्तिमान्, 30) देवर की पत्नी, 32) जवाबदेही, 33) राजस्थान की राजधानी.

*ऊपर से नीचे:-* 2) जो शेष रहे, 3) पाँच सौ ताववाली काग़ज़ की गड्डी, 4) विपत्ति, 5) अहंकार; कैफ़, 6) लगातार, 8) एक पक्षी, 10) वसंत ऋतु की फ़सल, 11) कृष्ण की रानी, 13) आगबबूला, 15) जल्दबाज़ी, 18) संतप्त; उष्ण, 20) विध्वंस, 24) करुणाजनक, 26) भुना हुआ मांस, 27) डोंगा, 29) मूल कारण; बोने के लिए दाना, 30) विलंब, 31) सरकार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछ्ली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | स्त | ना | बू | दी | ■ | बे | व | ज | ह |
| ■ | ■ | क्र | ■ | प | ना | ह | ■ | ना | ल |
| अ | थ | म | रा | ■ | म | त | ल | ब | ■ |
| ल | ■ | ■ | ह | र्ज | ■ | र | थ | ■ | इ |
| ग | फ़ | ल | त | ■ | जा | ■ | प | श्चि | म |
| ■ | व्वा | ■ | ■ | ज | न | प | थ | ■ | र |
| वि | रा | ज | मा | न | ■ | ग | ■ | सू | ती |
| ष | ■ | वा | ■ | ता | ग | ड़ी | ■ | ति | ■ |
| म | नो | नी | त | ■ | दी | ■ | अ | का | ल |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| | 4 | | 2 | | 6 | 1 | | |
| | 6 | | | | | | | 7 |
| 5 | | | 9 | 2 | | | 1 | 3 |
| | | | | 5 | | 7 | | |
| | 1 | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 6 | | | | 5 |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| 2 | | | | | | | 3 | 8 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3026 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 9 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 |
| 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 2 | 7 | 6 |

# सुकांत मजूमदार मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले, मुख्यमंत्री पर क्षेत्र में नहीं आने का लगाया आरोप



❑ केंद्रीय मंत्री जाफराबाद में मारे गए पिता-पुत्र के घर भी गए

**मुर्शिदाबाद :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित शमशेरगंज का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और प्रभावित क्षेत्र का दौरा नहीं करने के लिए प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री मजूमदार ने पूछा कि 10 दिन हो गए हैं, फिर भी मुख्यमंत्री नहीं आई हैं। अगर पीड़ित हिंदू समुदाय के नहीं होते तब भी क्या उनका रवैया ऐसा ही होता? भाजपा नेता ने 11-12 अप्रैल की घटना के दौरान क्षतिग्रस्त या लूटे गए धार्मिक स्थलों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि धर्म के प्रति सच्चा सम्मान सभी धर्मों का सम्मान करने में निहित है। उन्होंने कहा कि जबकि मुख्यमंत्री 30 अप्रैल को दीघा में एक सजावटी ढांचे का अनावरण करने की योजना बना रही हैं, और यहां एक असली मंदिर का खंडहर खड़ा है और वह चुप हैं। प्रभावित लोगों को केंद्र सरकार के समर्थन का आश्वासन देते हुए सुकांत मजूमदार ने भीड़ से कहा कि डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। डर केवल उन लोगों के हाथ मजबूत करता है जो आपको चुप कराना चाहते हैं। उन्होंने कानून और व्यवस्था की स्थिति के बारे में भी चिंता व्यक्त की और दावा किया कि स्थानीय पुलिस ने जनता का विश्वास खो दिया है। भाजपा की लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराते हुए मजूमदार ने कहा कि क्षेत्र में एक स्थायी बीएसएफ शिविर के लिए केंद्र से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय इस पर गौर करेगा। यहां के लोगों को वास्तविक सुरक्षा की जरूरत है, न कि खोखले आश्वासनों की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासक राज्य नेतृत्व के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुर्शिदाबाद और मालदह में जिला अधिकारियों को विस्थापित परिवारों को उनके जले हुए घरों में वापस भेजने का निर्देश दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब मुख्यमंत्री इमामों से मिलती हैं, तो वह मुसलमानों से ज़मीन छीने जाने की बात करती हैं, लेकिन मुर्शिदाबाद में, किसको बेदखल किया गया है? ममता के नेतृत्व को 'पूरी तरह से विफल' बताते हुए मजूमदार ने कहा कि पूरे बंगाल में लोगों में शर्मिंदगी की भावना बढ़ रही है। वह यहां आकर लोगों का कुछ विश्वास बहाल कर सकती थीं, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने हिंसा के दौरान जाफ़राबाद में मारे गए हरगोबिंद दास और चंदन दास के शोक संतप्त परिवारों से भी मुलाकात की। हत्याओं की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण से जांच कराने की मांग करते हुए मजूमदार ने कहा कि परिवारों को स्वतंत्र, निष्पक्ष जांच के ज़रिए न्याय मिलना चाहिए। नागरिक समाज के एक वर्ग पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने पूछा कि वे बुद्धिजीवी कहां हैं जो राष्ट्रीय टेलीविजन पर इतने खुलकर बोलते हैं। अब यह चुप्पी क्यों है? मजूमदार ने प्रभावित घरों में बच्चों के साथ समय बिताया और उनके रूला देने वाले अनुभव सुने। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि इन मासूम बच्चों ने ऐसा क्या गलत किया था कि उन्हें यह सब झेलना पड़ा?

## मुर्शिदाबाद हिंसा के सिलसिले में बंगाल एसटीएफ ने ओडिशा में 12 लोगों को हिरासत में लिया

❑ गिरफ्तार आरोपितों में जियाउल शेख के दो बेटे भी शामिल



**भुवनेश्वर/कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में सोमवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले से 12 लोगों को हिरासत में लिया गया। ओडिशा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने उन्हें पकड़ा। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में जियाउल शेख के दो बेटे भी शामिल हैं, जो मुर्शिदाबाद के जाफराबाद में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य संदिग्धों में से एक है। उन्होंने बताया कि हिरासत में लेने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बनहरपाली पुलिस थाने ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि जियाउल शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। ये लोग बनहरपाली थाना क्षेत्र के बुंडुबहाल में मजदूरी करते थे। अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है और हिंसा के दिन मुर्शिदाबाद में उनकी मौजूदगी का पता लगाने के लिए उनके मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## हिंसक प्रदर्शनों के बाद मुर्शिदाबाद में दैनिक जीवन बहाल, खुले स्कूल व 100 परिवार लौटे घर

**मुर्शिदाबाद :** वक्फ अधिनियम के खिलाफ विभिन्न क्षेत्रों में भड़के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच मुर्शिदाबाद में दैनिक जीवन धीरे-धीरे फिर से शुरू हो गया है। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि यहां 10 दिनों के बाद स्कूल फिर से खुल गए हैं। 11 अप्रैल को हुई हिंसा के कारण स्कूल बंद कर दिए गए थे। धुलियान में स्थिति में सुधार हुआ है। अब कोई समस्या नहीं है। इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई। जंगीपुर पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद राय ने बताया कि बीते कुछ दिनों में क्षेत्र में किसी नई अशांति की सूचना नहीं मिली है। साथ ही, अब तक कुल 289 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, अशांति से संबंधित अब तक कुल 138 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 14 मुकदमे शनिवार को ही दर्ज हुए। हिंसा में शामिल लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस 'शून्य सहिष्णुता' की नीति पर काम कर रही है और हालात पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। एसपी आनंद राय ने यह भी जानकारी दी कि स्थानीय लोगों में धीरे-धीरे विश्वास लौट रहा है और इसी का नतीजा है कि लगभग 100 परिवार अपने घरों में लौट आए हैं। उन्होंने आशा जताई कि जल्द ही और भी लोग अपने घर वापस लौटेंगे। फिलहाल जाफराबाद और आसपास के इलाकों में तीन अस्थायी पुलिस कैंप स्थापित किए गए हैं, जहां नियमित रूप से राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त गश्ती जारी है। हालांकि, प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, अभी भी लगभग 200 परिवार अपने घरों से बाहर हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने में समय लग सकता है।

## एनसीडब्ल्यू ने मालदह, मुर्शिदाबाद में महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवाये : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग पर निशाना साधते हुए उसे 'भाजपा की महिला शाखा' करार दिया और इसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाया। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय महिला आयोग संदेश-खाली तरीका अपना रहा है और आरोप गढ़ने के प्रयास में महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं। सोमवार को तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एनसीडब्ल्यू को पिछली बार संदेशखलि में बलात्कार के झूठे आरोपों को लेकर महिलाओं को कोरे कागज पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर करते हुए देखा गया था, अब वैसा ही मालदह/मुर्शिदाबाद में हो रहा है। आगे और भी कोरे कागज आएंगे? उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में खड़ी हुईं और हार गईं। क्या हम वास्तव में भाजपा महिला इकाई, माफ कीजिए, एनसीडब्ल्यू से एक वस्तुनिष्ठ 'रिपोर्ट' की उम्मीद करते हैं? तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य डोला सेन ने भी कुछ इसी तरह की बात कही। सेन ने एक बयान में कहा कि पिछली बार जब राष्ट्रीय महिला आयोग ने बंगाल का दौरा किया था, तो उन्होंने भाजपा के निर्देश पर बलात्कार के आरोप गढ़ने के लिए संदेशखलि की महिलाओं को कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। अब उनका ध्यान मालदह और मुर्शिदाबाद पर केंद्रित हो गया है। उन्होंने कहा कि कलम तैयार है। ऑर्डर आ चुका है। श्वेतपत्र 2.0 पर काम जारी है। इसका मसौदा भाजपा-आरएसएस ने तैयार कर लिया है। महिलाओं से कोरे कागज पर हस्ताक्षर क्यों कराए गए? हम इसका जवाब चाहते हैं।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल विद्युत इंजीनियर, सांतरागाछी, निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं; ई-निविदा सूचना; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि; खुलने की तिथि: (1); टीआरएस-एसआरसी-टीएफपीजीयू-25-361;** डब्ल्यूएपी4/डब्ल्यूएजी7 लोकोमोटिव के लिए 5400 KVA ट्रांसफार्मर में स्पेयर पार्ट्स की मरम्मत/पुनर्निवेशन; **₹1,78,81,917.66** जीएसटी सहित, ₹2,39,400.00; 19.05.2025 को 15.30 बजे; (2); **टीआरएस-एसआरसी-ओटी-डीजीए-25-435;** दो वर्षों के लिए माइक्रोप्रोसेसर आधारित क्रोमैटोग्राफ डिजॉल्वड गैस एनालाइजर मशीन, मॉडल- जीजी2010 का वार्षिक रखरखाव अनुबंध; **₹1,32,160.00** जीएसटी सहित, ₹2,700.00; 16.05.2025 को 15.30 बजे; **निविदा दस्तावेज का मूल्य:** शून्य (क्रम सं. 1 और 2 के लिए); **19.05.2025 को 15.30 बजे;** पूर्णता अवधि: 24 महीने (क्रम सं. 1 और 2 के लिए); **जमा करने की तिथि: 19.05.2025 को 15.30 बजे** तक (क्रमांक 1 के लिए); **16.05.2025 को 15.00 बजे तक** (क्रमांक 2 के लिए)। इच्छुक निविदाकर्ताओं को सभी जानकारी, विवरण, विनिर्देश, निविदा के शुद्धिपत्र और अपनी बोलियाँ जमा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाना चाहिए। **(PR 63)**

**पूर्व रेलवे**

**बोली सं. जीईएम/2025/बी/6151985, दिनांक 19.04.2025;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बोगी निर्माण कारखाना, 88/1, आधार दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **विवरण:** बोगी निर्माण कारखाना, बजबज में सम्पूर्ण रूप से असेम्बल की हुई फिएट बोगी के निर्माण के लिए 2 वर्षों हेतु ईंधन, ऑयल, ऑपरेटर के साथ एक अदद 3 टन क्षमता वाली डीजल फोर्कलिफ्ट ट्रक किराए पर लेने का साथ रखरखाव। **संविदा की अवधि:** 2 वर्ष। **बोली प्रस्ताव की वैधता (अंतिम तारीख से):** 120 दिन। **बोली बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.05.2025 को शाम 6.00 बजे। **बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 12.05.2025 को शाम 06.30 बजे। निविदा सूचना के साथ दस्तावेज जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
(MISC-22/2025-26)
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# राज्यपाल बोस के दिल में ब्लॉकेज, अस्पताल में कराए गए भर्ती

## मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने अस्पताल में जाकर जाना राज्यपाल का हाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस को तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद कोलकाता के सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके सीने में दर्द की शिकायत के बाद कोलकाता के कमांड अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। राज्यपाल ने शनिवार को ही मुर्शिदाबाद हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी और वापस कोलकाता लौटने पर उनकी तबीयत खराब हो गई। सोमवार को सीने में दर्द होने की शिकायत के बाद राज्यपाल को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। बोस से मुलाकात के बाद सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं राज्यपाल से मिलने गई थी। उनकी तबीयत ठीक नहीं है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर फिलहाल राज्यपाल की स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरी जांच के बाद इलाज के अगले चरण पर फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आगे के इलाज और विशेष देखभाल के लिए उन्हें कमांड अस्पताल से कोलकाता के अपोलो अस्पताल में ट्रांसफर करने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं, इस दिन, दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी उनसे मिलने गये। उपहार के रूप में फूल दिए और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहां कुछ देर रुकने के बाद वह अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गया।

❑ **राज्यपाल से मिलने अस्पताल पहुंचे शुभेंदु अधिकारी, कहा... 'स्वास्थ्य में हो रहा सुधार'**

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं दिग्गज भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार की शाम राज्यपाल से मुलाकात की और जानकारी दी कि वे अब ठीक हैं। शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी कि राज्यपाल बोस अब ठीक हैं। उन्होंने लिखा कि मैंने कोलकाता के कमांड अस्पताल में राज्यपाल बोस से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैंने उनसे व्यक्तिगत रूप से बात की और अब मैं बहुत राहत महसूस कर रहा हूं कि वे ठीक हो रहे हैं। डॉक्टर अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि माननीय राज्यपाल बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे।

## अदालत ने डेरेक ओ ब्रायन समेत तीन तृणमूल नेताओं को विरोध प्रदर्शन मामले में जारी किया समन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** दिल्ली की एक अदालत ने निषेधाज्ञा के बावजूद 2024 में निर्वाचन आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने के मामले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले को तलब किया। पुलिस का आरोप है कि पिछले वर्ष आठ अप्रैल को सभी आरोपी निर्वाचन आयोग के मुख्य द्वार के बाहर एकत्र हुए और बिना किसी अनुमति के तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू होने के बावजूद हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस ने आरोप लगाया कि धारा 144 लागू होने की चेतावनी दिये जाने के बावजूद सभी आरोपी प्रदर्शन करते रहे, जिसके बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने कहा कि मैंने आरोपपत्र के साथ-साथ शिकायत का भी अध्ययन किया है। मैं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा दिए गए आदेश की अवज्ञा), धारा 145 (गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना) और धारा 34 साझा इरादा) के तहत दंडनीय अपराधों का संज्ञान लेती हूं। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों को 30 अप्रैल, 2025 को 'आईओ' के माध्यम से तलब किया जाए।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/एम/ब्लू लाइन, मेट्रो रेलवे, कोलकाता** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं : **कार्य का नाम :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता के विभिन्न स्टेशनों तथा सेवा भवनों के खाली पड़े रूफटॉप पर ऑन ग्रिड 654 केडब्ल्यूपी सौर संयंत्रों की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 2,33,36,714.70। **बंद होने की तारीख एवं समय :** 06.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (भा.मा.स.)। **सूचना पट्ट का पता :** प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, मेट्रो रेलवे, 33/1, जे. एल. नेहरू रोड, कोलकाता-700071 का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण : https://www.ireps.gov.in**
निविदा संख्या : ईएलएम_135आर_एसपीवी654_दिनांक 9-4-25
हमें अनुसरण करें : /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**Name Change**

I, Shobha Vishvas ( old name ) W/O Nirapada Biswas, residing at Manikdihi, Santipur, Nadial, Pin- 741404, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Sovarani Biswas (new name) as declared before the notary public at kolkata, dated 21/04/2025. Sovarani Biswas ( new name ) and Shobha Vishvas (old name ) both are same and identical person.

I, Neerapad Vishvas ( old name ) S/O Late Fani Biswas, residing at Manikdihi, Santipur, Nadial, Pin- 741404, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Nirapada Biswas (new name) as declared before the notary public at kolkata, dated 21/04/2025. Nirapada Biswas ( new name ) and Neerapad Vishvas (old name ) both are same and identical person.

I, Nitai Vishvas ( old name ) S/O Nirapada Biswas, residing at Manikdihi, Santipur, Nadial, Pin- 741404, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Nitai Biswas (new name) as declared before the notary public at kolkata, dated 21/04/2025. Nitai Biswas ( new name ) and Nitai Vishvas (old name ) both are same and identical person.

I, Gayanand ( old name ) S/O Late Lakashmi Narayan Yadav, residing at 141A, Tripolia, Pathri Ghat, Patna, Bihar, Pin-800007, India, have changed my name and shall henceforth be known as Gayanand Yadav (new name) as declared before the notary public at kolkata, dated 21/04/2025. Gayanand Yadav ( new name ) and Gayanand (old name ) both are same and identical person.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एनआईटी/02/25/28, दिनांक 21.04.2025;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक, निविदा सं., भंडार का विवरण, ईएमडी** क्रमशः निम्नलिखित हैं:- **निविदा खुलने की तारीख: 12.05.2025, समय : अपराह्न 1.30 बजे : (1)** 10241036, डिस्क वॉल्व असेम्बली इत्यादि, रु. 1,49,490/-। **(2)** 15235122बी, भारतीय रेल के लिए व्हील सेट मेजरमेंट केंद्र के साथ रिमोट भिविंग तथा प्रिंटिंग साफ्टवेयर की खरीददारी, रु. 6,19,500/-। **निविदा खुलने की तारीख : 13.05.2025, समय : अपराह्न 1.30 बजे : (3)** 10245035, जल रहित मूत्रालय प्रणाली इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, रु. 7,17,440/-। **निविदा खुलने की तारीख: 14.05.2025, समय : अपराह्न 1.30 बजे : (4)** 10255012, बोलस्टर अरेंजमेंट, रु. 1,28,500/-। **निविदा खुलने की तारीख: 15.05.2025, समय : अपराह्न 1.30 बजे : (5)** 01251435ए, विनायल कोटेड अपहलस्टरी फैब्रिक इत्यादि, रु. 3,86,920/-। **निविदा की कीमत:** सभी के लिए शून्य। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। उपरोक्त उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में और अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-05/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**विशेष पैथोलॉजिकल जाँच के लिए टाई-अप**

**सं. मेड/पीएटीएच-आईएनवीईएस-टाई-अप/बीआरएसएच/ईओआई/2025 दिनांक 21.04.2025** कोलकाता के निजी/सरकारी केंद्र/अस्पताल से वास्तविक बिल भुगतान प्रणाली के आधार पर एमओयू (समझौता ज्ञापन) के माध्यम से सीजीएचएस/भारत सरकार की दर पर बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह के रेलवे लाभार्थियों के लिए विशेष पैथोलॉजिकल जाँच, जो बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह में नहीं की जाती है, के लिए दो (2) वर्ष हेतु टाई÷अप के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। सियालदह मंडल के चिकित्सा विभाग के तहत पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर ईओआई दिनांक 17.04.2025 को अपलोड किया गया है। इच्छुक डायग्नोस्टिक सेंटर/लैब पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए नियमों और शर्तों के साथ अनेक्सर-ए से डी के अनुसार उक्त टाई-अप में भाग ले सकते हैं। पूर्व रेलवे की वेबसाइट पर अधिसूचना का लिंक नीचे दिया गया है: **https://er.indianrailways.gov.in/cris//webadmin/section/section_edit.jsp?path=0,6,442,462,467,2223&id=2223&msg=Section%20Updated%20Successfully**
चीफ स्पेशलिस्ट-I, बी. आर. सिंह अस्पताल, सियालदह
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## प्राथमिक की नौकरी रद्द मामला : 32,000 शिक्षकों के भाग्य पर नई बेंच में 28 अप्रैल को होगी सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति में की गई अनियमितताओं के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय की नई खंडपीठ द्वारा पहली सुनवाई 28 अप्रैल को की जाएगी। बता दें कि इस मामले की सुनवाई पहले न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास की खंडपीठ द्वारा की जा रही थी, जिसकी अंतिम सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित की गई थी।

हालांकि, न्यायमूर्ति सेन द्वारा व्यक्तिगत आधार पर मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लेने के कारण उस दिन मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। इसके बाद, मामले को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगन्नम के कार्यालय में वापस भेज दिया गया, जिन्होंने मामले को न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को भेज दिया। अब, कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोस्टर के अनुसार, न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की पीठ द्वारा मामले की पहली सुनवाई 28 अप्रैल को निर्धारित की गई है। इस मामले में प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा नियुक्त लगभग 32,000 प्राथमिक शिक्षकों का भाग्य दांव पर लगा है, जो राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि मई 2023 में कलकत्ता उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने, जो वर्तमान में भाजपा के लोकसभा सदस्य हैं, राज्य में 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने का आदेश दिया था। गंगोपाध्याय ने कुछ वंचित उम्मीदवारों द्वारा दायर याचिकाओं पर कार्रवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि भर्ती परीक्षाओं में बहुत कम रैंकिंग के बावजूद कई लोगों ने नियुक्ति के लिए सिफारिशें हासिल कीं।

राज्य सरकार ने उस आदेश को खंडपीठ में चुनौती दी, और मामला न्यायमूर्ति सेन की अध्यक्षता वाली पीठ को भेज दिया गया। और अब, जब न्यायमूर्ति सेन ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है, तो मामला न्यायमूर्ति चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली पीठ को भेज दिया गया है।

## गले पर दिखे संदिग्ध निशान, पुलिस ने श्मशान घाट से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक वृद्ध के गले पर संदिग्ध चोट के निशान पाए जाने के बाद श्मशान से शव को पुलिस ने जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 65 वर्षीय ध्रुव कुंडु के रूप में हुई है, जो गाड़ापोटा इलाके के निवासी थे। सोमवार सुबह मृतक का परिवार उनका शव लेकर भूपेंद्रनाथ शेट स्मृति महाश्मशान पहुंचा। परिजनों ने एक होम्योपैथिक डॉक्टर द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र जमा किया, जिसमें मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया था। लेकिन श्मशान कर्मियों को प्रमाणपत्र और शव देखकर शक हुआ, क्योंकि भारत में होम्योपैथ डॉक्टर द्वारा जारी प्रमाणपत्र को आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त नहीं है।



कर्मियों ने जब शव का ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया तो मृतक के गले पर नीले निशान पाए गए। इस पर उन्होंने तुरंत नगरपालिका के प्रमुख को सूचना दी, जिन्होंने बनगांव पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि यह मौत वास्तव में प्राकृतिक थी या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है।

# नेताजी नगर की दिल दहला देने वाली घटना: गर्भवती पत्नी की हत्या, नाबालिग देवर की भी हुई मौत

**कोलकाता :** नेताजी नगर थाना अंतर्गत एक जघन्य अपराध का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 21 वर्षीय सचिन कुमार दास, निवासी 2/45 श्री कॉलोनी, द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी नमिता बसाक की हत्या के आरोप में स्वप्न बसाक और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

❑ **मामले की पृष्ठभूमि और घटनाक्रम:**

10 अप्रैल 2025 की दोपहर करीब 12:15 बजे नेताजी नगर थाने को सूचना मिली कि श्री कॉलोनी स्थित एक घर में एक महिला जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई है। ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी तत्काल घटनास्थल पहुंचे और देखा कि एक महिला जली हुई अवस्था में ज़मीन पर बेसुध पड़ी है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में महिला की पहचान 19 वर्षीय नमिता बसाक के रूप में हुई, जो सचिन कुमार दास की पत्नी थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्हें घर से जलने की गंध आई और जब उन्होंने अंदर झांका, तो महिला को जली हुई अवस्था में पाया। कमरे में पीड़िता का 7 वर्षीय छोटा भाई शिवा बसाक भी मौजूद था, जिसे आंशिक रूप से जलने की चोटें आईं। उसे स्थानीय लोगों ने एम.आर. बांगुर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, नमिता बसाक को बाघाजतीन स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

❑ **हत्या का कारण और जांच की स्थिति:**

स्थानीय जांच में सामने आया कि मृतका की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। घटना से पहले मृतका की मां और उसके नाना के बीच किसी पारिवारिक विवाद को लेकर तीखी बहस हुई थी। पति सचिन ने बताया कि नमिता गर्भवती थी।

मामले की शुरुआत पहले एक यूडी केस (मामला संख्या 20 दिनांक 10.4.25) के रूप में हुई थी। बाद में पति की लिखित शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज हुआ।

शिकायत में कहा गया है कि 10 अप्रैल को दोपहर 12:50 बजे से पहले स्वप्न बसाक और अन्य ने साजिश के तहत नमिता बसाक को आग लगाकर मार डाला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी हत्या कर दी। साथ ही उसके नाबालिग भाई शिवा बसाक को भी जलाकर मारने की कोशिश की गई, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

❑ **मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई:**

मुख्य आरोपी स्वप्न बसाक को 14 अप्रैल को रायगंज से गिरफ्तार किया गया और अलीपुर अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी की मृतका की मां के प्रति अनैतिक रुचि थी, जिसका मृतका ने विरोध किया था। इसी कारण हत्या को अंजाम दिया गया।

फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जब्त किए गए। मृतका का पोस्टमॉर्टम वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ किया गया। पुलिस वैज्ञानिक शाखा द्वारा तस्वीरें ली गईं और जब्त वस्तुएं कोर्ट की अनुमति से एफएसएल भेजी गईं। घायल शिवा बसाक का बयान अदालत के आदेश पर दर्ज किया गया था।

वर्तमान में गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा किए जा रहे हैं और हत्या शाखा (हॉमिसाइड स्क्वाड) के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। मामले की जांच प्रगति पर है।

यह घटना न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पारिवारिक रिश्तों के भीतर पनप रही विकृति का भी एक खौफनाक चेहरा सामने लाती है।

**कटवा और आजिमगंज के बीच दो जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी**

हावड़ा मंडल की कटवा-आजिमगंज शाखा में बाजारसौ और टेंया तथा टेंया और सालार स्टेशनों के बीच डाउन मेन लाइन पर ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए दिनांक **24.04.2025 (बृहस्पतिवार) से 17.06.2025 (मंगलवार) तक** 24 दिनों (सप्ताह में 03 दिन अर्थात मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार) के लिए बीच-बीच में ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें **दिनांक 24.04.2025 (बृहस्पतिवार), 26.04.2025 (शनिवार), 29.04.2025 (मंगलवार), 01.05.2025 (बृहस्पतिवार), 03.05.2025 (शनिवार), 06.05.2025 (मंगलवार), 08.05.2025 (बृहस्पतिवार), 10.05.2025 (शनिवार), 13.05.2025 (मंगलवार), 15.05.2025 (बृहस्पतिवार), 17.05.2025 (शनिवार), 20.05.2025 (मंगलवार), 22.05.2025 (बृहस्पतिवार), 24.05.2025 (शनिवार), 27.05.2025 (मंगलवार), 29.05.2025 (बृहस्पतिवार), 31.05.2025 (शनिवार), 03.06.2025 (मंगलवार), 05.06.2025 (बृहस्पतिवार), 07.06.2025 (शनिवार), 10.06.2025 (मंगलवार), 12.06.2025 (बृहस्पतिवार), 14.06.2025 (शनिवार) और 17.06.2025 (मंगलवार) को रद्द रहेंगी: (i) आजिमगंज से:** 53018, 63020 **(ii) कटवा से:** 53017, 63019, **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन, यदि कोई हो, को सुविधानुसार मार्ग में नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# एसएससी ने 'योग्य-अयोग्य' की सूची नहीं की जारी, बेरोजगार शिक्षक बैठे धरने पर



**कोलकाता, समाज्ञा :** नौकरी गंवा चुके शिक्षकों ने सोमवार को करुणामयी स्थित स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) कार्यालय की ओर मार्च करते हुए वहां अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। उनका साफ कहना है कि जब तक आयोग 2016 की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी 'योग्य-अयोग्य' उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं करता, वे एसएससी दफ्तर के सामने से हटेंगे नहीं। इधर, लगभग 5 घंटे के बाद 13 प्रतिनिधि एसएससी भवन से निकले और उन्होंने घोषणा की कि अध्यक्ष का घेराव किया जाएगा लेकिन उक्त खबर के लिखे जाने तक विरोध प्रदर्शन जारी था। बता दें कि सोमवार की दोपहर 12 बजे से सॉल्टलेक के करुणामयी इलाके में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और शिक्षा कर्मी जमा हुए। यहां से उन्होंने आयोग कार्यालय तक रैली निकाली और सामने ही धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोगों में 'संघर्षरत संयुक्त मंच', 'योग्य शिक्षक-शिक्षिका अधिकार मंच' और 'ग्रुप-सी, ग्रुप-डी शिक्षा कर्मी मंच' के प्रतिनिधि शामिल हैं। उनका कहना है कि आयोग द्वारा सूची सार्वजनिक किए बिना वे वहां से नहीं हटेंगे। शिक्षकों से यह वादा किया था कि 21 अप्रैल तक 'योग्य' और 'अयोग्य' की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। यह बात 11 अप्रैल को शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु, एसएससी चेयरमैन सिद्धार्थ मजूमदार और आंदोलनरत प्रतिनिधियों की बैठक में कही गई थी। लेकिन, सोमवार की दोपहर तक भी सूची जारी नहीं हुई, जिससे नाराजगी और असमंजस दोनों बढ़ते जा रहे हैं। धरने पर बैठे शिक्षक नेताओं का कहना है कि सूची सिर्फ प्रकाशित करना काफी नहीं होगा, बल्कि उसमें क्या विवरण है, एसएससी अपनी गलती को स्वीकार करता है या नहीं, और सूची कितनी पारदर्शी है-इन सभी पहलुओं के आधार पर ही आंदोलन का अगला कदम तय किया जाएगा। 'योग्य शिक्षक, शिक्षिका और शिक्षा कर्मी अधिकार मंच' के संयोजक चिन्मय मंडल ने कहा कि हम सिर्फ सूची की मांग को लेकर नहीं बैठे हैं। अगर सूची में गड़बड़ी हुई या हमें संतुष्ट नहीं किया गया, तो सड़क जाम करके भी लगातार धरना जारी रहेगा। वहीं, मंच के एक अन्य प्रतिनिधि मोहम्मद अब्दुल्ला अल मंजूम ने कहा कि एसएससी को यह स्पष्ट करना होगा कि वह अपनी जिम्मेदारी कब स्वीकार करेगा। अब केवल सूची नहीं, उसमें छिपी सच्चाई भी उजागर होनी चाहिए। धरनास्थल पर मौजूद शिक्षकों का कहना है कि अब आंदोलन को कमजोर नहीं होने देंगे। वे माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय से भी मुलाकात करने वाले हैं। इससे पहले भी उन्होंने सरकार से कई बार गुहार लगाई है, लेकिन अब उन्हें सिर्फ कार्रवाई चाहिए। स्थिति को देखते हुए साफ है कि अगर आयोग ने सूची जारी नहीं की, या उसमें पारदर्शिता नहीं दिखाई, तो यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती है।

## राशन भ्रष्टाचार मामला : कोर्ट ने ईडी को ज्योतिप्रिय मल्लिक की लिखावट की जांच की दी अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शीघ्र सुलझाने के लिए काम कर रहा है। इस कड़ी में, 'भ्रष्टाचार का सागर' ज्योतिप्रिया मल्लिक की लिखावट की जांच होगी। सोमवार को अदालत से यह अनुमति मिल गई है। अनुमति के बाद ईडी हस्तलेखन विशेषज्ञ की तलाश कर रही है। दरअसल, पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने जेल में रहते हुए अपनी बेटी को एक पत्र लिखा था। वह पत्र ईडी तक पहुंच गया था। जांचकर्ता यह पुष्टि करने का प्रयास कर रहे हैं कि क्या यह पत्र ज्योतिप्रिया ने ही लिखा था। ईडी जल्द ही उनकी लिखावट के नमूने एकत्र करेगी और उन्हें परीक्षण के लिए भेजेगी। दरअसल, पूर्व मंत्री ने जेल में रहते हुए अपनी बेटी प्रियदर्शिनी को कई पत्र लिखे थे। कथित तौर पर, वह वित्तीय लेनदेन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना चाहते थे। बाद में, ज्योतिप्रिय ने बेटी को पत्र लिखने की बात स्वीकार की। हालांकि, ईडी को डर है कि पूर्व मंत्री ऐसे गोपनीय मामले में पत्र लिखने से इनकार कर सकते हैं। और इसीलिए ईडी ने हस्तलेखन परीक्षण कराने का निर्णय लिया। यह आवेदन इस महीने की शुरुआत में अदालत में दायर किया गया था। सोमवार को उन्हें इसकी मंजूरी मिल गई। बताया जा रहा है कि जल्द ही उनकी लिखावट का नमूना एकत्र कर हस्तलेखन विशेषज्ञ से जांच कराई जाएगी। जांचकर्ताओं का मानना है कि इससे भ्रष्टाचार के मामलों को शीघ्र निपटाने में मदद मिलेगी।

## शेख शाहजहां की जमानत पर सुनवाई स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** संदेशखाली मामले में गिरफ्तार शेख शाहजहां की जमानत पर सुनवाई स्थगित कर दी गई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को जमानत याचिका स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की अदालत में मामले की सुनवाई की शुरुआत में आरोपी पक्ष के वकील अभिक घटक ने समय मांगा। दरअसल, इस दिन, सीबीआई को इस मामले की जांच पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। इसके अलावा, शेख शाहजहां को भी एक हलफनामे के माध्यम से जवाब देना था। हालांकि, वकील अभिक घटक ने इसे जमा करने के लिए दो दिन का और समय मांगा। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 29 अप्रैल तय की है। शेख शाहजहां को उस दिन सीबीआई द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आलोक में अपना बयान देना होगा।

## मीनाक्षी मुखर्जी को केंद्रीय समिति के बाद अब सीपीएम के राज्य समिति में भी मिली जगह



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीपीएम के युवा संगठन डीवाईएफआई की राज्य सचिव मीनाक्षी मुखर्जी को हाल ही में सीपीएम की नई केंद्रीय समिति में नियुक्त किया गया था। इस बार, उन्हें सीपीएम के राज्य सचिवालय में भी जगह मिली। सोमवार को मुजफ्फर अहमद भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के नए राज्य सचिवालय की घोषणा की गई। इसमें दो नए नाम मीनाक्षी मुखर्जी और सैयद हुसैन हैं। इस दिन, पश्चिम बंगाल राज्य समिति की बैठक में नए राज्य सचिवालय के 15 सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। मीनाक्षी नवगठित राज्य सचिवालय के सदस्यों में भी शामिल हैं। इसका मतलब है कि उसकी ज़िम्मेदारियां ज़्यादा हैं। इस बार, मीनाक्षी को युवा संगठन के सचिव पद से हटना पड़ेगा। पार्टी के संविधान के अनुसार, बंगाल सीपीएम का 'कप्तान' एक ही समय में दो पदों – पार्टी और युवा संगठन – पर नहीं रह सकता। इसलिए, सीपीएम के राज्य नेता इस बात पर विचार कर रहे हैं कि पार्टी के युवा संगठन डीवाईएफआई का अगला राज्य सचिव कौन होगा।

## ममता सरकार के शासन में हिंदुओं का जीना मुश्किल, वो दंगाईयों की दीदी : अनुराग ठाकुर

**❑ वक्फ हिंसा को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने किया तीखा हमला**




**कोलकाता, समाज्ञा :** वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान भड़के दंगे पर सियासत गरमाई हुई है। भाजपा राज्य की तृणमूल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर लगातार हमलावर है। इसी क्रम में, लोकसभा सांसद एवं दिग्गज भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने भी मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। वह सोमवार को कोलकाता में डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान सभा कार्यक्रम में हिस्सा लिय। इस दौरान, भाजपा सांसद ने प्रदेश की ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता सरकार ने हिंदू परिवारों का जीना मुश्किल कर दिया है, वे दंगाइयों की दीदी नजर आती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बंगाल की ऐतिहासिक और पावन धरती पर मैं खड़ा हूं। हम सबके प्रेरणा स्रोत श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती। मन में कितनी पीड़ा होती होगी जब एक ओर मां, माटी और मानुष का नारा देकर सत्ता में आने वाले बंगाल में मनुष्य और उसमें विशेष तौर पर हिंदू परिवारों का जीना मुश्किल कर दिया है। यहां की हिंदू माताओं की गोद को सूनी कर दी है। कई महिलाओं की मांग का सिंदूर छीन लिया गया है। हिंदुओं के सैकड़ों परिवार पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। ममता दंगाइयों की दीदी नजर आती हैं। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि जो कहते थे कि बदला नहीं बदलाव लाएंगे, आज रवींद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भूमि पर बदलाव तो नहीं, हर तरफ बदला और बदले की आग ही दिखती है। बंगाल को ममता नाम नहीं जमता है। लोगों ने मन मना लिया है कि जैसे समय मिलेगा, वैसे तख्तापालट होगा और कमल खिलेगा एवं बंगाल में भाजपा के नेतृत्व में सुधार और विकास होगा। इलाके में एक बीएसएफ का कैंप बनाए जाने वाले हिंसा के पीड़ितों की मांग पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्यों की है। पश्चिम बंगाल की सरकार बार-बार कानून व्यवस्था की स्थिति को ठीक करने में विफल रही है। वह केवल तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के कारण प्रदेश में हिंदुओं का जीना मुश्किल कर रही है।

## सिलीगुड़ी में ढाई सौ करोड़ का जीएसटी घोटाला, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**❑ आरोपित को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत**

**सिलीगुड़ी :** केंद्रीय जीएसटी विभाग ने सिलीगुड़ी में 250 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) घोटाले का पर्दाफाश किया है। बताया गया है कि इस घोटाले में लोगों को बैंक से कर्ज दिलाने का झांसा देकर फर्जी बिलों के जरिए सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये की लूट करने का आरोप है। सीजीएसटी की एंटी-इवेजन टीम ने इस मामले में मुख्य आरोपित, हैदराबाद निवासी बोदो राजकुमार को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सिलीगुड़ी एसीजेएम कोर्ट में पेश किए गए आरोपित की जमानत याचिका खारिज कर दी गई और उसे 5 मई तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीजीएसटी विभाग के अनुसार, बोदो राजकुमार रायल जनरल कान्ट्रैक्टर प्राइवेट लिमिटेड का प्रबंधक है। आरोप है कि उसने गिरोहबंद होकर बैंक से कर्ज लेने की इच्छा रखने वाले लोगों को निशाना बनाया। कर्ज दिलाने का झांसा देकर उनके निजी और वित्तीय दस्तावेजों का दुरुपयोग किया। इन दस्तावेजों के आधार पर फर्जी व्यापारिक संस्थाओं के नाम पर ट्रेड लाइसेंस और जीएसटी नंबर हासिल किए गए। इसके बाद, मकान निर्माण सामग्री जैसे राड, सीमेंट और ईंट की खरीद-बिक्री के बिना ही सरकारी पोर्टल पर फर्जी ई-वे बिल जेनरेट किए गए। इन फर्जी बिलों के सहारे जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट फाइल कर सरकारी खजाने से 250 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया।

## सियालदह मंडल ने रेलवे की पार्सल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों के साथ की बैठक



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की पार्सल सेवाओं के बेहतर उपयोग और स्थानीय व्यापार को गति देने के उद्देश्य से सियालदह मंडल ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा की अध्यक्षता में कोलकाता स्टेशन और डीआरएम कार्यालय में स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान जसराम मीणा ने व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से सुना और उनके सुझावों पर विचार करते हुए यह आश्वासन दिया कि रेलवे उनके लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को बेहतर रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने के तहत जसराम मीणा ने संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि यह बैठक केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एक सकारात्मक कदम है जो रेलवे के संचालन को प्रभावी बनाने और व्यापारिक समुदाय के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सियालदह मंडल व्यापार और परिवहन के बीच मजबूत रिश्ता स्थापित कर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में सहयोगी भूमिका निभा रहा है।

## आरपीएफ ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत यात्रियों की सुरक्षा की सुनिश्चित, 426 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के वित्तीय वर्ष के दौरान, 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' नामक विशेष पहल के अंतर्गत आरपीएफ ने 247 निगरानी और समन्वित प्रयासों के माध्यम से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस अभियान का उद्देश्य पूर्व रेलवे नेटवर्क में यात्रा करने वाले यात्रियों को आपराधिक तत्वों से सुरक्षित रखना था। इस दौरान रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में गश्त बढ़ाई गई और समन्वित अभियान चलाए गए। इस दौरान यात्रियों से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल 426 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें चोरी, छिनतई, डकैती, नशा देकर लूटपाट, पॉकेटमारी और महिलाओं से संबंधित अपराध शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंप दिया गया। पूर्व रेलवे यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 'पैसेंजर फर्स्ट' दृष्टिकोण के साथ कार्य करता रहेगा।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक चलने वाले नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। इस दौरान, 21 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को 15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस को हाटिया स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। वहीं, 23 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को 15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस को हाटिया स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। इसके अलावा, 22 अप्रैल को 22511 लोकमान्य तिलक (टी) - कामाख्या एक्सप्रेस को लोकमान्य तिलक (टी) स्टेशन से 2 घंटे विलंबित कर प्रस्थान कराया जाएगा।

## केएमसी में क्रेडिट सोसाइटी के चुनाव को लेकर तृणमूलव वाममोर्चा में तनातनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) में क्रेडिट सोसाइटी के चुनावों को लेकर उथल-पुथल की स्थिति बन गई। पता चला है कि सोमवार को सहकारी चुनावों को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी वाममोर्चा के बीच तनाव शुरू हो गया। नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान नारेबाजी और जवाबी नारेबाजी से केएमसी में माहौल गरमा गया। बताया गया है कि केएमसी सहकारी चुनाव में कुल 23 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। मतदान 18 मई को होगा। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है। इससे पहले सोमवार को केएमसी में नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर गहमागहमी रही। तृणमूल और वाममोर्चा के प्रतिनिधि आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।

## बंगाल केमिकल मेट्रो स्टेशन पर अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित



**कोलकाता :** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मेट्रो रेलवे हर संभव कदम उठा रही है। 'कोलकाता की जीवनरेखा' में किसी भी अग्निकांड जैसी अप्रिय घटना से बचने के लिए मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक श्री पी. उदय कुमार रेड्डी सुरक्षा उपायों की नियमित रूप से निगरानी और समीक्षा करते हैं। सुरंगों या वायाडक्ट में आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए मेट्रो कर्मचारियों की तैयारियों की जांच हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 21.04.2025 को बंगाल केमिकल मेट्रो स्टेशन पर फील्ड स्टाफ के लिए एक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मेट्रो कर्मचारियों को आग और धुएं की विभिन्न परिस्थितियों का अनुकरण कर आग बुझाने की विधियां सिखाई गईं। इस प्रशिक्षण में ट्रैफिक विभाग के स्टाफ और आरपीएफ कर्मियों ने भाग लिया। यह अपेक्षा की जा रही है कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से फील्ड स्टाफ की कुशलता और सतर्कता में वृद्धि होगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सकेगी और न्यूनतम समय में राहत कार्य पूरा कर सामान्य स्थिति बहाल की जा सकेगी।

## मालदह मंडल ने लोको पायलटों के लिए सुविधाओं और दक्षता में किया व्यापक विस्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने भारतीय रेलवे की ट्रेन संचालन में उत्कृष्टता और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। यह पहले विशेष रूप से लोको पायलटों की भलाई, प्रशिक्षण और संचालन समर्थन के लिए किया गया है। रेलवे संचालन में लोको पायलटों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनका प्रदर्शन ट्रेन सेवाओं की विश्वसनीयता, समयपालन और सुरक्षा पर सीधा प्रभाव डालता है। वर्तमान में मालदह मंडल में 1,243 लोको पायलट कार्यरत हैं, जिनमें 18 महिलाएं भी शामिल हैं और 117 सहायक लोको पायलट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। लोको पायलटों के लिए विश्राम की बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मालदह मंडल ने विभिन्न स्थानों पर 9 रनिंग रूम्स स्थापित किए हैं, जिनमें से सभी को पूरी तरह वातानुकूलित किया गया है। इन रनिंग रूम्स में पोषक आहार, जिम, ध्यान और विश्राम क्षेत्र, और मनोरंजन सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, नए रनिंग रूम्स का निर्माण भागलपुर, मणिग्राम, बरहरवा और तिलडांगा में जारी है।

मालदह मंडल सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए आधुनिक तकनीकी सुविधाओं में भी निवेश कर रहा है, जिनमें लोकोमोटिव्स में वातानुकूलन, फॉग सिग्नल डिवाइस और प्रत्येक लोको पायलट को सिग्नल लोकेशन बुकलेट्स का वितरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, लोको पायलटों को तीन साल में रिफ्रेशर प्रशिक्षण से गुजरने की व्यवस्था है। मालदह मंडल लोको पायलटों के लिए रेलवे क्वार्टर और व्यापक चिकित्सा देखभाल भी प्रदान करता है, ताकि उनका कार्य जीवन और पारिवारिक जीवन संतुलित रह सके। इन पहलों से मालदह मंडल का उद्देश्य लोको पायलटों को सशक्त, सुरक्षित और समर्थ बनाना है, ताकि रेलवे संचालन की गुणवत्ता और सुरक्षा में और सुधार हो सके।

## मंत्री ने निभाया वादा, खुश हुए स्थानीय लोग



**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के गंगासागर क्षेत्र में वर्षों से जर्जर सड़क की समस्या झेल रहे स्थानीय लोगों को आखिरकार राहत मिली। बरसात के मौसम में इस सड़क से आवाजाही करना बेहद मुश्किल हो जाता था। छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में भारी परेशानी होती थी, वहीं बीमार व्यक्तियों को लेकर इस रास्ते से आना-जाना लगभग असंभव था।

स्थानीय लोगों ने कई बार अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया, लेकिन समाधान नहीं हो पाया। अंततः जब सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाज़रा को इस खराब सड़क के बारे में बताया गया, तब उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा और सुंदरबन विभाग के आर्थिक सहयोग से, गंगासागर के मुरिगंगा एक ग्राम पंचायत के अंतर्गत कचुबेरिया आश्रम मोड़ से निमतला मोड़ तक कुल 2690 मीटर लंबे कंक्रीट सड़क के निर्माण का शुभ शिलान्यास सुंदरबन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाज़रा ने किया।

इस अवसर पर जिला परिषद की सदस्य, ग्राम प्रधान, उप-प्रधान सहित पंचायत के कई सदस्य भी उपस्थित थे।

लंबे समय से चली आ रही इस मांग के पूरी होने पर स्थानीय लोग काफी खुश और संतुष्ट नजर आए।

## रेलवे विकास की मिसाल बना हावड़ा स्टेशन, प्लेटफॉर्म की संख्या पहुंची 24 तक



**हावड़ा :** हावड़ा मंडल के 100 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव मनाते समय हावड़ा स्टेशन की विकास यात्रा भी विशेष उल्लेखनीय बन जाती है। एक जमाना था जब यह स्टेशन महज एक प्लेटफॉर्म तक सीमित था। लेकिन समय के साथ रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या और ट्रेनों की आवाजाही की मांग ने स्टेशन को धीरे-धीरे एक आधुनिक परिवहन केंद्र में बदल दिया। आज हावड़ा स्टेशन 24 प्लेटफॉर्म के साथ प्रतिदिन 11 लाख से अधिक यात्रियों को सेवाएं प्रदान करता है। 1854 में ईस्टर्न इंडिया रेलवे की शुरुआत के साथ जब स्टेशन अस्तित्व में आया, तब केवल एक प्लेटफॉर्म और दो ट्रेनें थीं। 1865 में दूसरे प्लेटफॉर्म के निर्माण ने इसकी क्षमताओं में विस्तार की शुरुआत की। 1895 तक एक और प्लेटफॉर्म जोड़ा गया, और फिर उत्तर विंग के निर्माण के दौरान छह नए प्लेटफॉर्म बने, जिसमें प्लेटफॉर्म नंबर 1 मुख्य ईआईआर ट्रेनों के लिए और प्लेटफॉर्म नंबर 6 बंगाल नागपुर रेलवे (बीएनआर) के लिए निर्धारित हुआ।1957 में हुए विद्युतीकरण ने उपनगरीय यात्राओं में जबरदस्त वृद्धि की, जिससे दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म की आवश्यकता पड़ी और कुल संख्या आठ तक पहुंच गई। 1907 में ग्रैंड कॉर्ड मार्ग की शुरुआत ने हावड़ा को धनबाद और गया से जोड़ते हुए इसे लंबी दूरी की यात्रा का प्रमुख केंद्र बना दिया। 1909 में दक्षिण विंग के जुड़ने से प्लेटफॉर्म 7, 8 और 9 का निर्माण हुआ, और स्टेशन पर यात्री और मालवाहक सेवाएं पूरी क्षमता से संचालित होने लगीं। धीरे-धीरे यह संख्या 14 तक पहुंच गई। आज हावड़ा स्टेशन भारतीय रेलवे की शक्ति, निरंतरता और प्रगति का जीता-जागता प्रतीक है। एक छोटे टर्मिनस से शुरू होकर यह स्टेशन अब प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रेनों का संचालन करता है और देश की रेलवे संरचना का एक अहम हिस्सा बन चुका है।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के जल प्याऊ का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा कोलकाता के राय त्रिवेदी (लेक रोड) के पास जल प्याऊ का उद्घाटन वार्ड 87 की पार्षद मनीषा बोस एवं विधायक विवेक गुप्त के द्वारा किया गया एवं समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप-सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सवालदवाला के उपस्थिति में किया गया। इस मशीन द्वारा संचालित शीतल जल प्याऊ का निर्माण अश्विनी टाटीया फाउंडेशन अपने पूर्वजो स्व. रामेश्वर टाटीया के स्मृति में अपने आर्थिक सहयोग से करवाया गया। दानदाता की ओर से अनुजा टांटिया, अश्विनी टाटीया, अनुप्रिया टाटीया, अनुमेहा तोदी में उपस्थित रही। इस प्याऊ से राहगीरों को शीतल जल का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्त्ता, दुर्शीचांद अग्रवाल, मानीक आदि की उपस्थिती एवं सहयोग रहा।

## सुंदरबन क्षेत्र के छात्रों को दलाल गिरोह से बचाने के लिए गंगासागर में प्रशिक्षण शिविर




**कोलकाता :** सुंदरबन के कई छात्र-छात्राएं माध्यमिक (माध्यमिक शिक्षा) और उच्च माध्यमिक (उच्च माध्यमिक शिक्षा) के बाद अपने भविष्य को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। कई बार ये युवा रोजगार के लालच में आकर दलाल गिरोहों के जाल में फंस जाते हैं और बड़ी रकम गंवा बैठते हैं।

अब इन युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का उद्देश्य लेकर सामने आया है ड्रीम्स ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स। रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सागर ब्लॉक स्थित चौरंगी सुंदरबन जनकल्याण संघ विद्यालयनिकेतन में एक स्टूडेंट मेंटरिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्रों के भविष्य, करियर विकल्प और सुरक्षित रोजगार की दिशा में मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें बताया गया कि किस क्षेत्र में पढ़ाई करनी चाहिए, किन रास्तों से सुरक्षित और वैध तरीके से रोजगार पाया जा सकता है, और कैसे दलाल गिरोहों के झांसे में आने से बचा जा सकता है।

सागर ब्लॉक में इस प्रकार का छात्र मार्गदर्शन कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया। आयोजकों का कहना है कि इससे सुंदरबन के छात्रों को दलाल गिरोहों के चंगुल में फंसकर पैसा गंवाने से रोका जा सकेगा।

इस मौके पर विश्वविद्यालय से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि सुंदरबन के अनेक छात्र-छात्राएं अज्ञानता के कारण गलत हाथों में पड़ जाते हैं और भारी आर्थिक नुकसान उठाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में सागर ब्लॉक के सभी उच्च विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों को सम्मानित किया गया। लगभग 200 से 250 छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस पहल को छात्रों, अभिभावकों और सागरद्वीप के अनेक शिक्षकों ने सराहा और इसके लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# डोमजूर में ओएनजीसी के कारखाने में लगी भीषण आग

## 5 हजार वर्गफुट क्षेत्र जलकर खाक



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजूर इलाके में सोमवार दोपहर ओएनजीसी के एक केमिकल फेक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भयंकर थी कि लगभग 5 हजार वर्गफुट का क्षेत्र इसकी चपेट में आ गया। कारखाने में ज्वलनशील पदार्थ जमा होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार छा गया और आसपास दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया गया और लगभग 4 घंटे बाग आग पर काबू पाया गया। डोमजूर थाना की पुलिस भी तुरंत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने के लिए कारखाने व आसपास के इलाके को खाली करा लिया गया। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। घटना के समय कारखाने में सामान्य रूप से कार्य चल रहा था, तभी अचानक एक हिस्से में आग लगी और देखते ही देखते वह पूरे परिसर में फैल गई। दमकलकर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आसपास के इलाकों से भी पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की गई। आग लगने के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। संबंधित अधिकारियों द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## कोलकाता ट्रैफिक सार्जेंट ने बाइक चालक को मारा थप्पड़, वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में एक ट्रैफिक सार्जेंट द्वारा एक बाइक चालक को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है। घटना तब हुई जब बाइक पर पीछे बैठे यात्री ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे ट्रैफिक सार्जेंट ने वाहन को रोककर जुर्माने की प्रक्रिया शुरू की। बताया जा रहा है कि एक वर्दीधारी ट्रैफिक पुलिसकर्मी बाइक के पास खड़े होकर नोटपैड पर कुछ लिख रहा था, तभी युवक ने कहा कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस डिजीलॉकर में है और वह ऑनलाइन चालान कटवाना चाहता है। हालांकि, ट्रैफिक सार्जेंट ने डिजीलॉकर में मौजूद दस्तावेज को मानने से इनकार करते हुए लाइसेंस की भौतिक प्रति की मांग की। इस पर दोनों के बीच बहस तेज हो गई। आरोप है कि इसके बाद पुलिसकर्मी ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। यह पूरी घटना उस युवक ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर ली, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

बताया जा रहा है कि युवक एक ऐप-आधारित बाइक टैक्सी चला रहा था और सवारी लेकर जा रहा था। जबकि उसके पास हेलमेट था, पीछे बैठे यात्री के पास नहीं था, जिसके चलते उसे रोका गया था। घटना को लेकर विभिन्न वर्गों ने कड़ी निंदा की है और आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, इस मामले में अब तक न तो ट्रैफिक सार्जेंट और न ही पीड़ित युवक की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

## जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन के दिन कांथी में सनातनी हिन्दू सभा, अनुमति नहीं मिलने शुभेंदु पहुंचे हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 30 अप्रैल को दीघा में जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करेंगी। उसी दिन, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेद अधिकारी कांथी में सनातनी हिंदुओं के साथ सभा करना चाहते हैं। पुलिस अनुमति नहीं दे रही है, इसलिए विपक्षी नेता ने एक बार फिर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सोमवार को जब शुभेदु ने अदालत का दरवाजा खटखटाया तो कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी। अदालत इस मुद्दे पर मंगलवार को फैसला कर सकती है। वादी के वकील ने कहा कि पारंपरिक धार्मिक सम्मेलन आयोजित करने की अनुमति मांगी गई है।

यह कार्यक्रम कांथी में एक निजी स्थल पर आयोजित किया जाएगा। वकील ने कहा कि पुलिस से केवल कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी गई थी, लेकिन अनुमति नहीं दी गई। उनका सवाल है कि निजी स्थान पर सम्मेलन आयोजित करने में क्या आपत्ति है? शुभेंदु की बैठक मंदिर उद्घाटन समारोह स्थल से लगभग 35 किलोमीटर दूर आयोजित की जाएगी। यह सुनबाई मंगलवार को दोपहर 4 बजे न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में निर्धारित है। आयोजन में अभी 9 दिन बाकी हैं। इससे पहले यह आवेदन अदालत में दायर किया गया था। इस बीच, दीघा में हलचल शुरू हो गई है। नवनिर्मित जगनाथ मंदिर को सजाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कार्रवाई में देरी, हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार से तलब की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार और स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) से यह सवाल किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 25 हजार 752 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों को रद्द करने के आदेश को लागू करने में इतनी देर क्यों की जा रही है? यह टिप्पणी हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति देबांग्सु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बार रशीदी द्वारा उस अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई, जिसमें राज्य सरकार और एसएससी पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू न करने का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने सरकार और आयोग को निर्देश दिया कि वे एक दिन के भीतर इस देरी पर स्पष्टीकरण दें। अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी,



जिस दिन राज्य सरकार और आयोग को अपना जवाब प्रस्तुत करना होगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए माना कि नियुक्तियों की पूरी सूची को रद्द करना आवश्यक था, क्योंकि सरकार और आयोग दागी और ईमानदार उम्मीदवारों के बीच अंतर नहीं कर सके। इसके बाद, हाई कोर्ट में फिर अवमानना याचिका दायर की गई, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि सरकार और आयोग ने अब तक उन लोगों की नौकरी खत्म करने की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की है, जिन्हें आयोग खुद पहले ही दागी घोषित कर चुका है। इस दिन, सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने यह भी कहा कि यदि दागी उम्मीदवारों को वेतन मिलता रहा, तो यह और भी गंभीर समस्या खड़ी करेगा। साथ ही, कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अब तक उन दागी उम्मीदवारों से पूछताछ क्यों नहीं कर रही है। कोर्ट ने यह निर्देश भी दिया कि सीबीआई यह पता लगाए कि किन लोगों को इन पदों के बदले पैसे दिए गए थे। अब बुधवार को सीबीआई के वकील को भी इस मामले में अपना पक्ष कोर्ट के सामने रखना होगा।

## करोड़ों की ठगी कर रचाया 'मिसिंग डायरी' का ड्रामा, बार में घुसते ही जालसाज गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के शेक्सपियर सरणी इलाके की एक निजी कंपनी में कार्यरत एक व्यक्ति ने करोड़ों की ठगी कर खुद के लापता होने का नाटक रच डाला, लेकिन बार में दाखिल होते ही पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान संदीप भाटिया के रूप में हुई है, जो कंपनी में वित्तीय कार्यों की जिम्मेदारी संभालता था। संदीप पर आरोप है कि उसने कंपनी के देनदारों को भुगतान करने के बहाने झूठे दस्तावेजों का सहारा लेकर लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपये की हेराफेरी की। वह इन पैसों को सीधे उनके खातों में ट्रांसफर करने की बजाय एक बेनामी खाते में जमा करता था। मार्च में जब कंपनी का ऑडिट हुआ, तो यह वित्तीय गड़बड़ी उजागर हुई। पूछताछ में जवाब देने के बजाय संदीप ने खुद को बचाने के लिए अपने परिजनों से थाने में 'मिसिंग डायरी' दर्ज करवा दी। पुलिस को पहले से ही संदेह था क्योंकि संदीप की गतिविधियां सामान्य थीं। वह अक्सर ऑफिस के बाद मध्य कोलकाता के बारों में जाया करता था और वहां शराब और गायिकाओं पर भारी खर्च करता था। शुक्रवार को उसे केस की जानकारी मिली, जिसके बाद वह ऑफिस से निकल गया। शनिवार को उसके परिजनों ने थाने में जाकर बताया कि वह रातभर घर नहीं लौटा। इसके बाद पुलिस ने हेयर स्ट्रीट क्षेत्र की बारों पर निगरानी शुरू की और देर रात संदीप को एक बार में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया। पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है और हेराफेरी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## खेल के बाद तालाब में नहाने उतरे छात्र की डूबने से मौत

**हुगली :** चंदननगर के डुप्लेक्स पट्टी कुम्हारपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में आठवीं कक्षा के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सायन पाल(14) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सायन अपने तीन दोस्तों के साथ शाम को खेलने गया था। खेल खत्म होने के बाद चारों लालबागान इलाके के एक तालाब में स्नान के लिए उतरे। स्नान के दौरान अचानक सायन गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके दोस्तों ने जब यह देखा तो तत्काल आसपास के लोगों को जानकारी दी। स्थानीय निवासी तुरंत तालाब में कूदे और सायन को बाहर निकालकर गंभीर अवस्था में चंदननगर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सोमवार को चुचुड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस मामले की जांच जारी है।

## बस की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत, बस चालक की तलाश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बस की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह वीआईपी रोड पर बांगुर एवेन्यू पर हुए दुर्घटना के कारण तनाव फैल गया। घटना के बाद से बस चालक फरार है। उसकी तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान देवराज दास के रूप में की गई है। वह उल्टाडांगा का निवासी है। पता चला है कि इस दिन, सुबह करीब 8:15 बजे एसी 37 रूट की बस बारासात से गरिया जा रही थी। उसी समय एक बाइक सवार केष्टोपुर की दिशा से उल्टाडांगा की ओर जा रहा था। इस बीच, बाइक साइकिल से टकरा गई और बाइक सवार सड़क पर गिर गया। इसी दौरान एसी 37 रूट की बस का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बाइक सवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। हालांकि, घटना के बाद से चालक फरार है। इस बीच, दुर्घटना के कारण वीआईपी रोड पर बांगुर एवेन्यू पर कुछ देर के लिए यातायात जाम हो गया। सप्ताह के पहले व्यस्त दिन कार्यालय समय के दौरान यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

## लैब विस्फोट में झुलसे दुर्गापुर एनआईटी के प्रोफेसर की सात दिन बाद मौत

**दुर्गापुर :** एनआईटी दुर्गापुर के एक प्रोफेसर की प्रयोगशाला में काम करते समय हुए विस्फोट में गंभीर रूप से घायल होने के सात दिन बाद मृत्यु हो गई। बता दें कि उल्लेखनीय है कि बंगाली नववर्ष के दिन एनआईटी दुर्गापुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में छात्र थर्माइट वेल्डिंग पर शोध कर रहे थे। तभी, अचानक विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर इंद्रजीत बसाक और एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पूरी तरह जल गये थे। दोनों को दुर्गापुर के गांधी मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यद्यपि छात्र की शारीरिक स्थिति में सुधार हुआ, परन्तु प्रोफेसर की स्थिति तेजी से बिगड़ती गई। उनका शरीर लगभग 90 प्रतिशत जल चुका था। बेहतर इलाज के लिए बाद में, उन्हें एयर एम्बुलेंस से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। फिर भी इसे बचाया नहीं जा सका। इंद्रजीत बसाक (64) का सोमवार की सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। जैसे ही प्रोफेसर की मौत की खबर एनआईटी परिसर में पहुंची, शोक की लहर छा गई।

## मुर्शिदाबाद में दो अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों कांदी और दौलताबाद में सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि, जिले के सागरपाड़ा में भीषण दुर्घटना के बाद एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, मुर्शिदाबाद के दौलताबाद थाना अंतर्गत घोषपाड़ा पेट्रोल पंप से सटे इलाके में एक यात्री बस और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हो गई, जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। यात्री बस बहरामपुर की दिशा से इस्लामपुर की ओर जा रही थी। पुलिस ने मृतक युवकों की पहचान मुर्सलीम शेख और सादिकुल इस्लाम के रूप में की है। उनका घर दौलताबाद थाने के मदनपुर इलाके के 14 मील इलाके में है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया है। घटना के बाद चालक भाग गया। इस घटना में हत्यारोपी बस और बाइक को बरामद कर थाने ले गया। पुलिस ने घटना की पूरी जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, कांदी बागमारी मोड़ नोतुनपाड़ा पर एक दुखद दुर्घटना घटी। अपने चाचा की मृत्यु की खबर मिलने के बाद, उनके भाई की भी घटनास्थल से घर लौटते समय मृत्यु हो गई। मृतक का नाम जीतन दलुई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, ब्रह्मपुर से कांदी जा रही एक सरकारी यात्री बस ने नियंत्रण खो दिया और उसे उस समय जोरदार टक्कर मार दी, जब वह अपनी बाइक के साथ सड़क के किनारे एक चाय की दुकान पर खड़ा था। पुलिस ने दुर्घटना के तुरंत बाद ही आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर लिया।

## बंशीधर शर्मा को उनके 84वें जन्मदिन पर दी गई बधाई एवं शुभकामनाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** कुमारसभा पुस्तकालय के मंत्री, कवि, दधिचि समाज गौरव से अलंकृत विशिष्ट साहित्यकार बंशीधर शर्मा को उनके 84वें जन्मदिन पर एक विशेष समारोह में हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कुमारसभा पुस्तकालय एवं महर्षि दधीचि सेवा ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन में कुमारसभा पुस्तकालय के अध्यक्ष महावीर बजाज ने कहा कि बंशीधर शर्मा कृति में जीवन जीने वाले यशस्वी साहित्यकार हैं। महर्षि दधीचि सेवा ट्रस्ट के परमानन्द तिवारी ने बंशीधर शर्मा के सुदीर्घ जीवन और उनके सामाजिक दायित्वों के प्रति निष्ठा की प्रशंसा की। हरिश तिवारी ने मंत्रोच्चार के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सीताराम तिवारी, प्रदीप सूंठवाल, डॉ कमल कुमार, सुरेन्द्र जोशी, आशाराम काकड़ा, मालचंद बेहड़, देवकीनंदन फोड़, नंदकुमार लड़ा, विजय कुमार रतावा, श्रीमोहन तिवारी, लक्ष्मी कांत काकड़ा, कृष्ण गोपाल सूंठवाल, सत्यप्रकाश राय, गायत्री बजाज, बालकिशन आसोपा प्रभृति गणमान्य व्यक्तियों ने उनको शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उम्र के इस पड़ाव में उनकी सामाजिक एवं साहित्यिक सक्रियता, विरल व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे। बंशीधर शर्मा ने सबके स्नेह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## बिहार की बेटी उषा सिंह ने 'अंतरंग बहिरंग' कविता संग्रह के जरिए महिला अत्याचार के खिलाफ उठाई आवाज

**हुगली :** देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों से व्यथित होकर, बिहार के सीवान जिले की मूल निवासी और वर्तमान में हुगली में रह रही कवयित्री उषा सिंह ने अपनी संवेदनाओं और आक्रोश को शब्दों में ढालते हुए 'अंतरंग बहिरंग' नामक नया कविता संग्रह प्रकाशित किया है। यह रचना समाज में व्याप्त कुरीतियों और स्त्रियों के प्रति हो रहे अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त साहित्यिक हस्तक्षेप मानी जा रही है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रोफेसर सुभाष पांडे ने इस संग्रह की सराहना करते हुए कहा, यह काव्य संग्रह सामाजिक विघटन और मानवीय मूल्यों के ह्रास के प्रति कवयित्री की गहरी संवेदनशीलता और चिंता को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि उषा सिंह की रचनाएँ पाठकों को न सिर्फ झकझोरती हैं, बल्कि उन्हें सोचने पर भी विवश करती हैं। हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर उमाशंकर सिंह ने भी 'अंतरंग बहिरंग' की प्रशंसा करते हुए कहा, भारतीय संस्कृति के क्षरण की पीड़ा को जिस संजीदगी और सरलता से कवयित्री ने शब्द दिए हैं, वह अनुकरणीय है। यह कृति न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि सामाजिक चेतना की भी वाहक है। कवयित्री उषा सिंह ने बताया कि यह संग्रह उनके अपने जीवन और समाज में देखी गई घटनाओं की सहज अनुभूतियों पर आधारित है। उन्होंने कहा, मानव जीवन में जो परिस्थितियाँ हमें भीतर तक झकझोर देती हैं, उन्हें मैंने अपने भावों में समेटने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि यह कृति पाठकों के मन को छुएगी और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक कदम साबित होगी। 'अंतरंग बहिरंग' आज के दौर में एक ऐसी सशक्त आवाज़ है, जो साहित्य के मंच से उठकर समाज के उन कोनों तक पहुँचना चाहती है, जहाँ स्त्रियों की पीड़ा अब तक अनसुनी रह जाती है।

## बच्चे के सामने ही पत्नी की हत्या, जलपाईगुड़ी कोर्ट ने पति को सुनाई मौत की सजा



**जलपाईगुड़ी :** एक पति को अपने नाबालिग बच्चे के सामने अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उस मामले में पति को दोषी पाया और उसे मौत की सजा सुनाई। सोमवार को अतिरिक्त तृतीय न्यायालय के न्यायाधीश बिप्लब रॉय ने जलपाईगुड़ी अदालत में यह फैसला सुनाया। सजा सुनने के बाद मृतक के माता-पिता ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि सुजीत दे भौमिक जलपाईगुड़ी के मयनागुड़ी थाना अंतर्गत चेरर इलाके का रहने वाला है। उसके परिवार में पत्नी और एक नाबालिग बेटा था। कथित तौर पर, सुजीत दे भौमिक विवाहेतर संबंधों में संलिप्त था। प्रेम-संबंध के बारे में पता चलने पर पत्नी उसे छोड़कर चली गई। इसके बाद से पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया। प्रतिदिन अशांति फैली रहती थी। लेकिन वह व्यक्ति उस विवाहेतर संबंध से पीछे नहीं हटा। इस स्थिति में जून 2023 में पति-पत्नी में पुनः विवाद हो गया। उस समय, उस व्यक्ति ने नाबालिग लड़के के सामने ही पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। बताया गया कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर शव बरामद किया। आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली। यह मामला जलपाईगुड़ी जिला न्यायालय में शुरू किया गया। मामले की सुनवाई में नाबालिग बच्चों सहित 15 लोगों की गवाही ली गई। सभी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर अतिरिक्त तृतीय न्यायालय के न्यायाधीश बिप्लब रॉय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायाधीश ने सोमवार को दोषी को मौत की सजा सुनाई।

## खड़गपुर आईआईटी में हॉस्टल के कमरे में महाराष्ट्र के छात्र का फंदे से लटका मिला शव

**पश्चिम मेदिनीपुर :** आईआईटी खड़गपुर एक बार फिर एक छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत को लेकर सुर्खियों में है। महाराष्ट्र के रहने वाले 22 वर्षीय छात्र अनिकेत वालकर का शव रविवार की रात उसके हॉस्टल के कमरे से फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक ओशन इंजीनियरिंग और नेवल आर्किटेक्चर विभाग में चौथे वर्ष का छात्र था और जगरनाथ चंद्र बोस हॉल के कमरे संख्या सी-214 में रह रहा था। रविवार की रात के समय अन्य छात्रों ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं आया। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो अनिकेत का शव पंखे से लटका मिला। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया और खड़गपुर टाउन थाना मौके पर पहुंचा। शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेजा गया।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में संपन्न हुआ संस्कार सांस्कृतिक चेतना कार्यक्रम




**हावड़ा, समाज्ञा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वातानुकूलित सभागार में सोमवार को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया तथा हिंदी विभाग की अध्यापिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश, मां सरस्वती, अग्रसेन महाराज जी, भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. वासुदेव टीकमानी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कक्षा सातवीं, आठवीं एवं नवमीं की छात्राओं ने भाग लिया। बालिकाओं ने चाणक्य नीति, विदुर नीति, गीता, रामायण के विभिन्न श्लोकों पर अपना वाचन किया जिससे पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। इस मौके पर इन विषयों पर एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अन्त में विजेता छात्राओं को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से पुरस्कार तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बांसबेड़िया में निकासी व्यवस्था चरमराई, पंचायत कार्यालय के सामने हुआ विरोध प्रदर्शन



**हुगली :** सप्तग्राम ग्राम पंचायत अंतर्गत बांसबेड़िया के तीन नंबर गुमटी चक इलाके में एक दिन की बारिश ने लोगों की ज़िंदगी को संकट में डाल दिया। क्षेत्र के कई निचले हिस्सों में भीषण जलजमाव हो गया, जिससे घरों में मलमूत्र मिश्रित गंदा पानी भर गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा गहराने लगा है, विशेषकर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

मच्छरों और मक्खियों की भरमार से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासी मोह मिराज ने बताया, करीब चार-पाँच वर्षों से हम नारकीय जीवन जी रहे हैं। हर साल बारिश के बाद यही हाल होता है। गंदगी के चलते चर्म रोग आम हो चुके हैं।

निवासियों का आरोप है कि जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। थोड़ी सी बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और पूरा इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। तीन दिन पहले हुई बारिश का पानी अभी तक जमा हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई है और कीट-पतंगों की समस्या विकराल हो गई है।



❑ **पंचायत कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन**

निकासी की समस्या से त्रस्त लोगों ने पंचायत कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

❑ **पंचायत प्रधान का बयान**

विरोध के जवाब में पंचायत प्रधान शबाना परवीन ने कहा, इलाके में ब्रिज निर्माण कार्य के चलते अस्थायी रूप से निकासी बाधित हुई है। इस संबंध में संबंधित विभागों को सूचित कर दिया गया है और पाँच प्रस्ताव भेजे गए हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वर्क ऑर्डर मिलते ही स्थायी समाधान हेतु कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक पंप की मदद से जल निकासी की अस्थायी व्यवस्था की जाएगी, ताकि लोगों को तात्कालिक राहत मिल सके।

## 'माइक्रोसॉफ्ट कोडफोर्ज हैकाथॉन 2025' में हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बना नेशनल विनर

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए ये एक गौरवशाली क्षण था जब इसके स्टूडेंट्स की टीम 'कोडफोर्स' को 'माइक्रोसॉफ्ट कोडफोर्ज हैकाथॉन 2025' में नेशनल विनर घोषित किया गया। यह प्रतिष्ठित ऑफलाइन हैकाथॉन 17 अप्रैल को माइक्रोसॉफ्ट द्वारा एज्योर डेवलपर कम्युनिटी, वेबफोर्ज और रीस्किल इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से 2500+ स्टूडेंट टीम्स ने हिस्सा लिया। कंपटीशन को तीन राउंड्स में डिवाइड किया गया था। जिनमें से 'कोडफोर्स' ने फर्स्ट पोजीशन हासिल की।



टीम को प्रो. राजा कर्मकार, एसोसिएट प्रोफेसर और हेड, सीएसई डिपार्टमेंट (आईओटी एंड साइबर सिक्योरिटी इनक्लूडिंग ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी), हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा मेंटर किया गया। टीम में नबोनिल भट्टाचार्य, सुमित साहा, नसरा नाजनीन और सृजनी मित्रा शामिल थे, जो सभी सेकेंड ईयर के स्टूडेंट्स हैं। प्रिंसिपल प्रो. बसब चौधुरी ने खुशी जताते हुए कहा, ये हेरिटेज फैमिली के लिए बहुत ही प्राउड मोमेंट है कि हमारी टीम ने माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर नेशनल लेवल हैकाथॉन में जीत हासिल की। वहीं, सीईओ पी. के. अग्रवाल, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, कोलकाता ने कहा, इस साल हमारे स्टूडेंट्स देश के लगभग हर नेशनल लेवल हैकाथॉन में अपनी स्ट्रॉन्ग प्रेजेंस दर्ज करा रहे हैं। मैं टीम 'कोडफोर्स' को इस शानदार अचीवमेंट के लिए दिल से बधाई देता हूं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, दो घायल

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण छह लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के शुक्ल भुजौली चौराहे पर उस समय हुई जब कार सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए देवगांव जा रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया तथा दो अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान नारायणपुर चरगहा के निवासी हरेंद्र मद्धेशिया, योगेंद्र मद्धेशिया, रंजीत एवं मुकेश और कुसमा गांव निवासी भीम लक्ष्मण यादव तथा कार चालक ओम प्रकाश के रूप की गई है।

### हापुड़ में तीन बच्चों की मां पति के चचेरे भाई के साथ भागी

**हापुड़ :** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में एक महिला कुछ नकदी और जेवर लेकर अपने पति के चचेरे भाई के साथ कथित तौर पर भाग गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पति की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अर्जुन नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी पड़ोस में रहने वाले उसके चचेरे भाई के साथ घर छोड़कर भाग गई है। शिकायत में अर्जुन ने आरोप लगाया है कि लक्ष्मी अपने साथ 15 हजार रुपये नकदी और कुछ जेवर लेकर गई है। अर्जुन ने कहा है कि लक्ष्मी को खोजने और फोन पर उससे संपर्क करने की उसकी सभी कोशिशें विफल रहीं, जिसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया। अर्जुन ने पुलिस को बताया कि वह वाहनों की पुताई का काम करता है और उसने 2017 में ग्रेटर नोएडा के एनटीपीसी क्षेत्र के जारचा गांव की मूल निवासी लक्ष्मी से शादी की थी। शिकायत के अनुसार, अर्जुन और लक्ष्मी के तीन बच्चे (दो बेटी और एक बेटा) हैं और वह उन्हें छोड़कर चली गई है।

# झारखंड में मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये के इनामी उग्रवादी समेत आठ नक्सली मारे गए

### नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है: शाह

**नयी दिल्ली:** झारखंड में सुरक्षा बलों द्वारा आठ नक्सलियों को ढेर किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जारी अभियान में आज सुरक्षाबलों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से विवेक का नाम का एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था जबकि दो कुख्यात नक्सली भी मारे गए हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षाबलों की सराहना करें।'



**रांची/नयी दिल्ली :** झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें से एक नक्सली उग्रवादियों की शीर्ष केंद्रीय समिति का सदस्य था और उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले में लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। उन्होंने बताया कि '209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) और राज्य पुलिस के अभियान में आठ नक्सली मारे गए और एक एके राइफल, तीन इंसास राइफल, एक 'सेल्फ लोडिंग राइफल' (एसएलआर), आठ देसी बंदूक एवं एक पिस्तौल बरामद की गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में उग्रवादी संगठन की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्रीय समिति का सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति का सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विवेक पर एक करोड़ रुपए, अरविंद यादव पर 25 लाख रुपए और साहेबराम मांझी पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के विभिन्न मामलों में उनके खिलाफ मामले दर्ज थे।

## बार-बार चुनाव होना देश के लिये एक बड़ी समस्या : सुनील बंसल



**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने सोमवार को कहा कि बार-बार चुनाव होना देश के लिए एक बड़ी समस्या, एक बड़ा मुद्दा है और विगत 30 वर्ष में भारत में एक भी साल ऐसा नहीं गया जब चुनाव न हुआ हो। बंसल सोमवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के सभागार में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बार-बार चुनाव होना देश के लिए एक बड़ी समस्या, एक बड़ा मुद्दा बना है। विगत 30 वर्ष में भारत में एक भी साल ऐसा नहीं गया जब चुनाव न हुआ हो। यानी लगातार 30 वर्षों से भारत में कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं। संगोष्ठी में युवाओं और छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी देश में कहीं कोई नया परिवर्तन होता है तो उसमें छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बंसल ने कहा कि देश और दुनिया के इतिहास को देखें तो हमेशा परिवर्तन की शुरुआत युवाओं और छात्रों ने की है। मेरा मानना है कि भविष्य में देश की राजनीति बदलेगी और उसकी भी शुरुआत आने वाले दिनों में युवा और छात्र ही करने वाले हैं। भाजपा महासचिव ने एक राष्ट्र-एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद भारत ने लोकतंत्र को अपनाया और जहां लोकतंत्र है वहां चुनाव एक अनिवार्य हिस्सा है। 'लोकतंत्र है तो चुनाव होगा।' बंसल ने कहा कि अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं होंगे तो देश में लंबे समय तक लोकतंत्र नहीं चल सकता। उन्होंने कहा लोकतंत्र के साथ चुनाव अनिवार्य है और चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से हो, यह भी उसके लिए आवश्यक है।

### राजस्थान में गर्मी के फिर जोर पकड़ने का अनुमान

**जयपुर :** राजस्थान में अगले कुछ दिनों में गर्मी के फिर जोर पकड़ने का अनुमान है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक, आने वाले तीन-चार दिनों में राज्य में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो से चार डिग्री ऊपर रह सकता है।

## भाजपा ने 'संविधान का अपमान करने' को लेकर झारखंड के मंत्रियों को बर्खास्त करने की मांग की




**जमशेदपुर :** झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की कथित 'संविधान से ऊपर शरीयत' टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कलेक्ट्रेट (समाहरणालय) के सामने प्रदर्शन किया। भाजपा की जमशेदपुर महानगर समिति के अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए साकची स्थित पार्टी कार्यालय से जिला समाहरणालय तक मार्च किया और वहां उन्होंने मंत्री से माफी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि संवैधानिक पद पर आसीन एक मंत्री ने संविधान पर शरीयत को प्राथमिकता दी है। काले ने कहा, 'किसी भी धर्म में आस्था रखना निजी मामला है, लेकिन संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति का ऐसा बयान देना अस्वीकार्य है।' उन्होंने मांग की कि मंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा,'मंत्री को झारखंड मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए।' काले ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि देश संविधान के अनुसार चलेगा, शरीयत के अनुसार नहीं।' हसन ने हाल में कहा था, दिल में शरीयत और हाथ में संविधान है। हमारी प्राथमिकता शरीयत है, उसके बाद संविधान आता है।'' बाद में ओझा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा और मंत्री को राज्य मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। ज्ञापन में ओझा ने आरोप लगाया कि झारखंड संवैधानिक संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि कैबिनेट मंत्री खुलेआम संविधान का अपमान कर रहे हैं।

## संभल हिंसा में शामिल एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

संभल (उप्र) : संभल हिंसा में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया और इस तरह इस मामले में अब तक कुल गिरफ्तार लोगों की संख्या 83 हो गई है। संभल पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि 24 नवंबर 2024 को नखासा थाना क्षेत्र में शाही जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल युवक मोहम्मद आसिफ (22) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मोहम्मद आसिफ ने पूछताछ के दौरान बताया कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान जब हिंदू पुरा खेड़ा और नखासा चौराहे पर भीड़ जमा हो गई थी, तो उसने ईंट-पत्थरों से हमला किया और पुलिस वाहनों में आग लगा दी। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के तहत जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी संभल जिले का रहने वाला है। संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा मामले में अब तक 83 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## न्यूज अपडेट

### जिसको उसी के दल ने ख़ारिज किया, वह संवैधानिक पदों पर रह चुके अधिकारी पर न बोलें : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी को मुस्लिम आयुक्त बताने वाले विवादास्पद बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिसको उसके दल ने खारिज कर दिया हो, वह संवैधानिक पदों को सुशोभित कर चुके अधिकारी के बारे में मुंह न खोले, उसी में उसकी इज्जत है। सपा प्रमुख यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर भाजपा सांसद दुबे पर संकेतों में तंज कसते हुए एक पोस्ट में कहा जिसको उसी के तथाकथित अपने दल ने यह कहकर ख़ारिज कर दिया हो कि उसका विचार व्यक्तिगत है और इस लायक नहीं कि उसकी पुष्टि या समर्थन किया जाए, वह सांविधानिक पद पर सेवाएं दे चुके एक सेवानिवृत्त उच्चाधिकारी के बारे में मुँह न खोले, उसी में उसकी इज़्ज़त है। भारत के प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से विवादों में घिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस. वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक 'मुस्लिम आयुक्त' थे। दुबे चार बार से झारखंड राज्य के गोड्डा से लोकसभा सदस्य हैं।

### बदायूं में नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई 28 मई को

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं जिले की एक त्वरित अदालत ने सोमवार को नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम शम्सी जामा मस्जिद मामले की अगली सुनवाई की तारीख 28 मई तय की है। इसकी वजह बताते हुए नवनियुक्त न्यायाधीश पुष्पेंद्र चौधरी ने कहा कि वे आगे की कार्यवाही से पहले मामले की पत्रावली की समीक्षा करेंगे। हाल ही में त्वरित अदालत (फास्ट-ट्रैक कोर्ट) का कार्यभार संभालने वाले न्यायाधीश चौधरी ने दोनों पक्षों की बात सुनी और अगली सुनवाई के लिए 28 मई की तारीख तय की। उन्होंने कहा कि चूंकि उन्होंने अभी तक मामले के दस्तावेजों की समीक्षा नहीं की है, इसलिए उन्हें कोई भी बहस या निर्णय लेने से पहले फाइल को देखने के लिए समय चाहिए। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता वेद प्रकाश साहू ने बताया कि फाइल की जांच करने के बाद न्यायाधीश तय करेंगे कि बहस को फिर से शुरू किया जाए या पिछली बहस के अंत से आगे बढ़ा जाए।

### बिहार में शादी समारोह में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, पांच घायल

**आरा :** बिहार के भोजपुर जिले में एक शादी समारोह में पार्किंग को लेकर हुए विवाद के हिंसक हो जाने के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में हुई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि एक शादी समारोह में वाहनों की पार्किंग को लेकर दो समूहों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया, एक व्यक्ति की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लवकुश और राहुल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पांच अन्य लोग गोली लगने से घायल हो गए और उनका भोजपुर जिला मुख्यालय आरा के एक अस्पताल में इलाज हो रहा है। बयान में कहा गया, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि वे गोलीबारी में शामिल आरोपियों की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बलिया में बारात से लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की बस की टक्कर से मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के फेफना थाना क्षेत्र में एक बस की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के श्रीनगर दुबेछपरा गांव के शुभम कुमार सिंह (22) तथा गौरव कुमार सिंह (25) फेफना थाना क्षेत्र के कपूरी गांव के एक होटल में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रविवार देर रात लगभग दो बजे मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी नसीराबाद गांव के समीप एक बस से उनकी टक्कर हो गयी।



## व्रत - त्यौहार

24.04.2025 : बरुथनी एकादशी व्रत

25.04.2025 : प्रदोष व्रत

26.04.2025 : मास शिवरात्रि व्रत

## अक्षय तृतीया पर न करें ये काम

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को पड़ रही है। यह दिन धार्मिक दृष्टि से बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य किया जाए तो उसका फल अक्षय यानी कभी समाप्त न होने वाला होता है। कई लोग इस मौके पर सोना-चांदी जैसी कीमती चीजें खरीदते हैं और समृद्धि की कामना करते हैं।

लेकिन इस पावन दिन पर कुछ काम ऐसे भी हैं जिन्हें इस दिन नहीं करना चाहिए। वरना मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं और आपको धन संबंधी समस्याओं के सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि अक्षय तृतीया पर किन चीजों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

### इन वस्तुओं की खरीदारी न करें

अक्षय तृतीया पर सोना खरीदने की परंपरा है, लेकिन इस दिन प्लास्टिक, स्टील या एलुमिनियम की वस्तुओं को खरीदना अशुभ माना जाता है। ऐसी वस्तुएं राहु से जुड़ी मानी जाती हैं, जो घर में नकारात्मकता और धन की हानि ला सकती हैं।



### उधार लेने-देने से बचें

इस दिन किसी को भी पैसे उधार देना या किसी से उधार पैसे लेना सही नहीं माना जाता। इससे आर्थिक ऊर्जा प्रभावित होती है और धन स्थिर नहीं रहता।

### घर में न रखें गंदगी

अक्षय तृतीया पर घर की साफ-सफाई बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। मां लक्ष्मी को स्वच्छता बहुत प्रिय है, और गंदगी उनके आगमन में बाधा बन सकती है। इसलिए इस दिन घर को साफ-सुथरा ही रखें।

### न करें ये गलती

इस दिन शंख, कौड़ी, श्रीयंत्र, कुबेर यंत्र और भगवान विष्णु तथा गणेश की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इनका अनादर करने से देवी लक्ष्मी अप्रसन्न हो सकती हैं।



## कब है गंगा सप्तमी ? जानें तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व

गंगा सप्तमी का पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से गंगा नदी के अवतरण की घटना से जुड़ा हुआ है, जब मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आईं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, गंगा के पृथ्वी पर आने का कारण राजा भगीरथ के पूर्वजों के पापों का नाश और उन्हें मोक्ष दिलाना था। इस दिन का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है, बल्कि यह पर्व समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विशेष आशीर्वाद और पुण्य प्राप्ति का अवसर भी है।

गंगा सप्तमी के दिन गंगा में स्नान और ध्यान करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और उसे जीवनभर की खुशियां और आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही इस दिन किए गए दान और पूजा से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन को संपूर्ण और सुखमय बनाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी के किनारे लाखों श्रद्धालु जुटते हैं, ताकि वे इस पवित्र दिन का लाभ उठा सकें और मां गंगा की कृपा प्राप्त कर सकें। यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, जो मोक्ष की प्राप्ति की इच्छा रखते हैं। इसी क्रम में आइए जानते हैं गंगा सप्तमी की तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व के बारे में।

### गंगा सप्तमी कब है?

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि आरंभ: 3 मई 2025, प्रातः 7:51 बजे पर

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि समाप्त: 4 मई 2025, प्रातः 7:18 बजे तक

उदयातिथि के अनुसार, गंगा सप्तमी का पर्व 3 मई 2025 को मनाया जाएगा।

### गंगा सप्तमी का शुभ मुहूर्त

गंगा सप्तमी के दिन स्नान-दान पूजा के लिए शुभ मुहूर्त: 3 मई 2025, प्रातः 10:58 बजे से दोपहर 01:38 बजे तक

शुभ मुहूर्त की कुल अवधि: 2 घंटे 40 मिनट

### गंगा सप्तमी का महत्व

गंगा सप्तमी का पर्व हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इसे गंगा जयंती भी कहा जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां गंगा के धरती पर अवतरण की याद में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा स्वर्ग से धरती पर आईं, ताकि वह उनके पूर्वजों के पापों को धोकर उन्हें मोक्ष दिला सकें। इसी दिन मां गंगा का पवित्र जल धरती पर आया था, जिससे न केवल धार्मिक शुद्धता प्राप्त होती है, बल्कि यह दिन आध्यात्मिक उन्नति का भी प्रतीक है।

गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान, पूजा और ध्यान करना अत्यधिक पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन किए गए स्नान से सभी पाप धुल जाते हैं और व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति मिलती है। इसके अलावा, इस दिन दान करने से भी अपार पुण्य की प्राप्ति होती है, जो जीवन में समृद्धि और सुख लाती है।

गंगा सप्तमी का महत्व केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। इस दिन लोग गरीबों और जरूरतमंदों को दान देते हैं, जिससे समाज में परोपकार और सहयोग की भावना प्रगट होती है। साथ ही, इस दिन किए गए कर्म व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और उसे जीवनभर के संकटों से मुक्ति दिलाते हैं।

### मां गंगा की इस विधि से करें पूजा

- सबसे पहले पूजा स्थल को स्वच्छ करें और वहां गंगा जल, चंदन, दीपक, अगरबत्तियां, फल, फूल और मिठाइयां रखें। यदि गंगा जल उपलब्ध हो, तो उसका उपयोग करें।
- गंगा सप्तमी के दिन यदि गंगा में स्नान संभव हो, तो वहां स्नान करें। अन्यथा घर में गंगा जल का छिड़काव करके स्नान करें।
- स्वच्छ वस्त्र पहनकर गंगा माता की तस्वीर या मूर्ति के सामने बैठें और ॐ गंगायै नमः मंत्र का जाप करें। इसके बाद गंगा स्तुति का पाठ करें।
- मां गंगा के चरणों में फल, फूल और मिठाई चढ़ाएं। यह उन्हें श्रद्धा भाव से अर्पित करें और आशीर्वाद प्राप्त करें।
- गंगा आरती का आयोजन करें और जय मां गंगे मंत्र का जाप करें। दीपक से आरती करें और वातावरण को शुद्ध बनाएं।
- इस दिन दान करना अत्यधिक पुण्यकारी माना जाता है। गरीबों को अन्न, वस्त्र या गंगा जल का दान करें।
- संतान सुख, समृद्धि और अन्य इच्छाओं के लिए मां गंगा से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व्रत रखें और पूरे मन, श्रद्धा और विश्वास से पूजा करें।ड़

## शमी के पत्तों से करें शनि दोष निवारण, मिलेगी आर्थिक उन्नति और लाभ



शनि देव को न्याय का देवता माना जाता है। शनि देव हर व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल देते हैं। उनकी कृपा से जीवन में समृद्धि और शांति आती है, जबकि उनकी नाराजगी से व्यक्ति को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। किसी की कुंडली में जब शनि ग्रह अशुभ स्थिति में हो, तो उस व्यक्ति की राह में कई बाधाएं उत्पन्न हो सकती है। शनि की साढ़े साती और ढैय्या के प्रभाव से कई जातकों को परेशानी का सामाना करना पड़ सकता है। ऐसे में शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए ज्योतिष शास्त्र में कई प्रभावी उपाय बताए गए हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार शनिवार के दिन यदि शनिदेव की पूजा में शमी के पत्तों का प्रयोग किया जाए तो शनि दोषों का निवारण हो सकता है। इतना ही नहीं बल्कि इससे जुड़े उपाय व्यक्ति को आर्थिक परेशानियों, करियर की समस्याओं और जीवन की अन्य कठिनाइयों से भी मुक्ति दिला सकता है। आइए, जानते हैं कैसे शमी के पत्तों के उपाय से शनिदेव की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

- अगर आपके करियर में लगातार समस्याएं आ रही हैं, तो शनिवार को शमी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। उसकी जड़ में तांबे के लोटे से जल अर्पित करें और ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। इससे शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और करियर में सुधार होता है।
- शनिवार के दिन शमी के पौधे पर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और उसे अर्घ्य अर्पित करें। यह उपाय आपके आर्थिक संकटों को दूर करने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा, शमी के पौधे के गमले में एक रुपये का सिक्का और सुपारी रखकर आप व्यर्थ के खर्चों पर नियंत्रण कर सकते हैं और धन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।
- जो जातक साढ़ेसाती या ढैय्या के प्रभाव में हैं उन्हें शनिवार के दिन शमी के पौधे की जड़ में काले तिल और उड़द की काली दाल अर्पित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ शनि का दुष्प्रभाव कम होगा बल्कि जीवन में आ रही कठिनाइयां दूर होंगी। इसके साथ ही रोजाना शिवलिंग पर शमी के पत्ते अर्पित करने से भी लाभ होगा।
- यदि किसी जातक की कुंडली में शनि ग्रह अशुभ स्थिति में है या साढ़ेसाती या ढैय्या से प्रभावित है, तो शनिवार को स्नान करके शनिदेव की पूजा करें। पूजा में शमी के ताजे पत्तों को अर्पित करें, साथ ही काले तिल और नीले फूल भी चढ़ाएं। इसके बाद नीचे दिए गए मंत्र का जाप करें-

**अमंगलानां च शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च।**
**दु:स्वप्रनाशिनीं धन्यां प्रपद्येहं शमीं शुभाम्।।**

शनिवार और मंगलवार के दिन शमी के पत्तों को तोड़ने से बचना चाहिए, क्योंकि यह दिन शनि देव को समर्पित दिन माना जाता है। इसके साथ ही हनुमानजी की पूजा से भी शनि देव को प्रसन्न किया जा सकता है, क्योंकि शनि देव बजरंगबली का सम्मान करते हैं। इन उपायों को नियमित रूप से करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और व्यक्ति को जीवन में सुख, समृद्धि और शांति मिलती है।

# प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर प्रगति का स्वागत किया

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए वार्ता में महत्वपूर्ण प्रगति का सोमवार को स्वागत किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने रक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए व्यापक वार्ता की। मोदी ने आधिकारिक वार्ता के बाद अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर वेंस, भारतीय मूल की उनकी पत्नी उषा चिलुकुरी और उनके तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के लिए रात्रि भोज का आयोजन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वेंस को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह इस वर्ष के अंत में उनकी भारत यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मोदी और वेंस ने रूस-यूक्रेन संघर्ष सहित आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया तथा आगे बढ़ने के लिए ''वार्ता और कूटनीति'' का आह्वान किया।

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस का अपने परिवार के साथ दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत



शुल्क और बाजार पहुंच सहित विभिन्न मुद्दों से निपटने के लिए अमेरिका एवं भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी बातचीत के बीच, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत सोमवार को यहां पहुंचे। वेंस के साथ उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा चिलुकुरी और उनके तीन बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल तथा वरिष्ठ अमेरिकी सरकारी अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी का पालम एयरबेस पर स्वागत किया। अमेरिकी नेता के आगमन पर उनका औपचारिक स्वागत भी किया गया। वेंस के बच्चे पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए थे।

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति वेंस और उनके परिवार ने अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस ने अपनी भारत की यात्रा शुरू करने के तहत पत्नी उषा चिलुकुरी और तीन बच्चों के साथ सोमवार को दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए। भारत की चार दिवसीय यात्रा पर पहुंचे वेंस आगरा और जयपुर का भी भ्रमण कर सकते हैं। वेंस और उनका परिवार लगभग चार घंटे तक अक्षरधाम मंदिर में रहे। उनके तीन बच्चे इवान, विवेक और मिराबेल ने पारंपरिक भारतीय परिधान पहने थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने मंदिर की अतिथि पुस्तिका में लिखा, इस खूबसूरत जगह पर मुझे और मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी की मेहमाननवाज़ी और दयालुता का मैं शुक्रिया अदा करता हूं।

## राहुल गांधी नागरिकता विवाद: केंद्र को पांच मई तक स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश

**लखनऊ :** केंद्र सरकार ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ को सूचित किया कि उसने ब्रिटिश सरकार को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है। इसके बाद खंडपीठ ने केंद्र सरकार को राहुल के खिलाफ दायर उस याचिका पर पांच मई तक स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें कांग्रेस नेता के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का दावा करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में उनका निर्वाचन रद्द करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कर्नाटक के एक वकील और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने 25 नवंबर 2024 को मामले की पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से याचिकाकर्ता की अर्जी पर उसके फैसले के बारे में जानकारी मांगी थी। उप सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने सोमवार को खंडपीठ को सूचित किया कि याचिकाकर्ता की अर्जी पर कार्रवाई करते हुए संबंधित मंत्रालय ने ब्रिटिश सरकार को पत्र लिखकर राहुल की कथित ब्रिटिश नागरिकता के बारे में विवरण मांगा है और इसलिए सरकार को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए। इसके बाद उच्च न्यायालय ने सरकार को याचिका पर अगले दिन में स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने पहले भी इस संबंध में अंतिम निर्णय लेने के लिए और समय मांगा था। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उसके पास ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल और कुछ ऐसे दस्तावेज हैं, जिनसे यह साबित होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण वह चुनाव लड़ने और लोकसभा सदस्य का पद धारण करने के लिए अयोग्य हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध संबंधी रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई'

**नयी दिल्ली :** 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के प्रस्तोता समय रैना को नयी समस्या का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह उस याचिका पर गौर करेगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिव्यांगों का उपहास किया है, जिनमें दृष्टिबाधित और स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी (एसएमए) जैसे दुर्लभ विकार से पीड़ित शामिल हैं। इसे एक गंभीर मसला बताते हुये, न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह से पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के लंबित मामले में अंतरिम हस्तक्षेप याचिका के बजाय, उचित याचिका दायर करने के लिए कहा। अपराजिता गैर-सरकारी संगठन क्योर एसएमए फाउंडेशन की पैरवी कर रही थीं। पीठ ने अधिवक्ता से कहा, ''यह गंभीर मसला है। आप रिट याचिका दाखिल करिये। हम देखेंगे कि, (इसमें) क्या किया जा सकता है। रिट क्षेत्राधिकार में हमारा दायरा व्यापक है।''

### मध्यप्रदेश के रायसेन में एमयूवी पलटने से छह लोगों की मौत, तीन घायल

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार सुबह एक मल्टी-यूटिलिटी वाहन (एमयूवी) के पलट जाने से उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब सात बजे सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे स्थित एक भोजनालय के पास हुआ। उन्होंने बताया कि एमयूवी में सवार नौ लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद पटना से इंदौर लौट रहे थे। खरपुसे ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। तीनों घायलों को रायसेन के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।'' उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मोहन लाल कुरील (68), चंदा देवी (60), बलराम चोपड़ा (30), सरिता खोलवाल (25), चीनू (2) और चालक सुनील के रूप में हुई है।

### शिमला जिले में एक वाहन के खाई में गिरने से महिला की मौत, 25 घायल

**शिमला :** शिमला जिले के डोडरा क्वार क्षेत्र में एक ओवरलोड बोलेरो कैंपर वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृत महिला की पहचान डोडरा गांव निवासी शाना देवी (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सोमवार को गुसांगू गांव के पास हुई। उसने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन गहरी खाई में जा गिरा, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई और कम से कम 25 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला तथा शव को खाई से निकाला।

## ईडी इस वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के शिकार लोगों को 15000 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटायेगी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति चिह्नित की है जिसे चालू वित्त वर्ष के दौरान देशभर में 'रियल एस्टेट', पोंजी और अन्य धोखाधड़ी के शिकार लोगों को लौटाया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दस्तावेजों से पता चला है कि इस संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन विरोधी कानून के तहत उपलब्ध संपत्तियों की वापसी के इस प्रावधान को पिछले साल से 'जोरशोर से' लागू करना शुरू कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय अपराध में ठगी के शिकार हुए वैध मालिकों और सही दावेदारों को उनका हक वापस मिले। 'पीटीआई-भाषा' को मिले रिकार्ड के अनुसार, अब तक इस प्रावधान के तहत कुल 31,951 करोड़ रुपये की संपत्ति संबंधित वैध मालिकों और सही दावेदारों को लौटायी जा चुकी है। इसमें से 15,201.65 करोड़ रुपये की संपत्ति 2019-21 के बीच भगोड़े आर्थिक अपराधियों-- विजय माल्या और नीरव मोदी से संबंधित तीन धनशोधन मामलों तथा नेशनल स्पॉट एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसईएल) मामले में ठगी के शिकार लोगों को लौटायी गयी गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष जून में ईडी निदेशक राहुल नवीन ने धनशोधन के उन सभी मामलों की व्यापक समीक्षा की थी, जहां धोखाधड़ी के शिकार लोगों को उनकी संपत्ति लौटाई जा सकती है तथा निदेशालय ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया (ठगी के शिकार लोगों को संपत्ति लौटाने की प्रक्रिया) शुरू करने के वास्ते जो आवेदन दायर किए, उनमें उसने 32 मामलों में अदालती आदेश हासिल किये हैं।

## 'स्पेडेक्स' मिशन : इसरो ने उपग्रहों की 'डॉकिंग' में दूसरी बार सफलता हासिल की

नयी दिल्ली : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन के तहत दूसरी बार दो उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' तकनीक तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कई रॉकेट या अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है। यह तकनीक दो या उससे अधिक अंतरिक्ष यान को एक साथ जोड़कर या कक्षा में साथ लाकर एक बड़ी संरचना बनाने तथा सामान की आपूर्ति करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। इससे भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और चंद्रयान-4 अभियान का संचालन करने में मदद मिलेगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''इसरो स्पेडेक्स अपडेट : यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।'' इसरो ने पिछले साल 30 दिसंबर को 'स्पेडेक्स' मिशन शुरू किया था और अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' संबंधी प्रयोग के लिए दो उपग्रह-एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। सिंह ने कहा, जैसा कि पहले सूचित किया गया है, पीएसएलवी-सी60/स्पेडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक शुरू किया गया था।

## रणदीप हुड्डा ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट, इसे अपने लिए बड़े सम्मान की बात कही

**नयी दिल्ली :** अभिनेता रणदीप हुड्डा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात 'बड़े सम्मान एवं सौभाग्य की बात है।' हाल में 'जाट' फिल्म में नजर आए रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रधानमंत्री के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। इस मौके पर रणदीप हुड्डा की मां आशा हुड्डा और बहन अंजलि हुड्डा भी मौजूद थीं। रणदीप हुड्डा (48) ने लिखा है, ''भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात थी। हमारे महान देश के भविष्य पर उनकी अंतर्दृष्टि, ज्ञान और विचार हमेशा प्रेरणास्पद हैं। उनके द्वारा पीठ थपथपाना हमारे संबंधित क्षेत्रों में



अच्छा काम करते रहने और हमारे देश के विकास में योगदान देने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ बातचीत 'भारतीय सिनेमा के वैश्विक उदय और प्रामाणिक रूप से कहानी कहने की शक्ति' के इर्द-गिर्द घूमती रही। अभिनेता के अनुसार प्रधानमंत्री और उन्होंने 'विश्व श्रव्यदृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएवीईएस) के बारे में भी चर्चा की, जो एक मई से चार मई तक मुंबई में होने वाला है। रणदीप हुड्डा ने कहा, ''यह मेरे लिए एक गौरवपूर्ण पारिवारिक क्षण था, जब मेरी मां आशा हुड्डा और बहन डॉ. अंजलि हुड्डा भी इस भेंट के दौरान मेरे साथ मौजूद थीं। उन दोनों (मेरी मां और बहन) ने मोटापा विरोधी अभियान और समग्र स्वास्थ्य के संबंध में प्रधानमंत्री द्वारा की गयी पहलों पर उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान किया।''

## आतंकी तहव्वुर राणा ने अपने परिवार से बात करने की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया

**नयी दिल्ली :** मुंबई आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा ने अपने परिवार के सदस्यों से बात करने की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया है। राणा ने 19 अप्रैल को अपने वकील के माध्यम से विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष याचिका दायर की, जिन्होंने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को 23 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा को 10 अप्रैल को एक अदालत ने 18 दिन की हिरासत में भेज दिया था। एनआईए ने आरोप लगाया कि आपराधिक साजिश के तहत आरोपी डेविड कोलमैन हेडली ने भारत आने से पहले राणा के साथ पूरे ऑपरेशन पर चर्चा की थी। एनआईए ने राणा की रिमांड का अनुरोध करते हुए अदालत को बताया कि संभावित चुनौतियों की आशंका के चलते हेडली ने राणा को एक ईमेल भेजा था जिसमें उसके सामान और संपत्तियों का ब्यौरा था। एनआईए ने आरोप लगाया कि हेडली ने राणा को इस साजिश में पाकिस्तानी नागरिकों इलियास कश्मीरी और अब्दुर रहमान की संलिप्तता के बारे में भी बताया था, जो इस मामले में आरोपी हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद, मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा को भारत लाया गया।

## चुनाव में हार ने राहुल गांधी पर मानसिक रूप से असर डाला है: फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने निर्वाचन आयोग पर टिप्पणी करने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि लगातार चुनावी में हार ने गांधी पर मानसिक रूप से असर डाला है। अमेरिका की यात्रा पर गए गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन की जीत पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की (सरकार के साथ) ''मिलीभगत'' है। इस तरह की टिप्पणियों को 'बचकाना' बताते हुए फडणवीस ने कहा, ''मैं गांधी को सलाह दूंगा कि वह विदेश यात्रा



करने और देश को बदनाम करने के बजाय लोगों के बीच जाकर काम करें। इससे (इस तरह के बयानों से) उन्हें वोट नहीं मिलेंगे। चुनावों में लगातार हार ने गांधी को मानसिक रूप से परेशान कर दिया है।'' गांधी ने रविवार को अमेरिका में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दावा किया कि सरल शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग ने हमें शाम साढ़े पांच बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि इतने समय में इतने अधिक लोगों का मतदान केंद्र तक पहुंच कर वोट डालना संभव नहीं है। उनका कहना था कि एक मतदाता को मतदान करने में लगभग तीन मिनट लगते हैं और अगर हिसाब लगाएं तो इसका मतलब है कि मतदाताओं की कतारें देर रात दो बजे तक लगी रही होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## पोप फ्रांसिस की भारत यात्रा की इच्छा अधूरी रह गई



**कोच्चि :** पोप फ्रांसिस का भारत के साथ संबंध उम्मीदों और चुनौतियों से भरा रहा। कुछ ही महीने पहले ही उन्होंने वेटिकन के एक पदाधिकारी और भारतीय पादरी को 'कार्डिनल' का दर्जा दिया था जो कैथोलिक समुदाय के लिए एक गर्व का क्षण था। 'ओरिएंटल कैथोलिक चर्च' में से एक सिरो-मालाबार चर्च में 'होली मास' मनाने की परंपरा को लेकर उठे विवाद को सुलझाने के लिए उन्होंने काफी प्रयास किए थे लेकिन प्रयास सफल नहीं हो पाए। इस बीच, पोप फ्रांसिस ने कुछ भारतीय हस्तियों को संत की उपाधि दी। पोप फ्रांसिस ने 2014 में केरल के फादर कुरियाकोस एलियास चावारा और सिस्टर यूफ्रेसिया एलवाथिंगल को संत की उपाधि दी। इसके बाद केरल में जन्मी एक और कैथोलिक नन मरियम थ्रेसिया को 2019 में रोम के सेंट पीटर बेसिलिका में आयोजित एक समारोह में पोप फ्रांसिस ने संत घोषित किया। उन्होंने ईसाई धर्म अपनाने वाले देवसहायम पिल्लई को भी संत घोषित किया गया जो संत घोषित होने वाले पहले आम भारतीय बने। इसके अलावा, सात दिसंबर 2024 को वेटिकन में आयोजित एक भव्य सम्मेलन में 51 वर्षीय भारतीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस ने 'कार्डिनल' का दर्जा दिया। सेंट पीटर बेसिलिका में आयोजित इस समारोह में विभिन्न देशों के 21 नए 'कार्डिनल' समेत दुनियाभर के पादरी और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। केरल के चंगनास्सेरी के आर्चडायोसिस से ताल्लुक रखने वाले कूवाकड को मिले दर्जे से भारतीय 'कार्डिनल' की कुल संख्या छह हो गई, जिससे वेटिकन में देश का प्रतिनिधित्व और मजबूत हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अन्य वरिष्ठ नेताओं और देशभर के चर्चों के प्रमुखों ने खुशी और गर्व के साथ इस फैसले का स्वागत किया। भारत सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी भेजा था। समारोह से पहले, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस समारोह के बाद 'कार्डिनल' कूवाकड ने कहा कि पोप फ्रांसिस की भारत यात्रा संभवतः 2025 के बाद होगी।

## महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला: ईडी ने 573 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिभूतियां, बांड जब्त किए

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले सप्ताह नए दौर की तलाशी में 573 करोड़ रुपये मूल्य की प्रतिभूतियां, बांड और डीमैट खाते जब्त किए हैं। ईडी के अनुसार, जांच में पाया गया कि सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म और उससे जुड़े सिंडिकेट द्वारा ''अपराध से अर्जित आय'' को देश से बाहर ले जाया गया और बाद में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) के नाम पर भारतीय शेयर बाजारों में निवेश किया गया। यह तलाशी 16 अप्रैल को दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में स्थित परिसरों में ली गई। बयान में कहा गया, ''तलाशी कार्रवाई के परिणामस्वरूप 3.29 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई, 573 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिभूतियों, बांड और डीमैट खातों पर रोक लगा दी गई, इसके अलावा विभिन्न दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड भी जब्त किए गए।'' महादेव बेटिंग ऐप मामला कुछ साल पहले तब सुर्खियों में आया जब एजेंसी ने दावा किया था कि छत्तीसगढ़ के कई नेता और नौकरशाह इस ऐप से जुड़े अवैध संचालन और उसके बाद के मौद्रिक लेनदेन में कथित रूप से शामिल थे।

## नड्डा ने राज्यों में स्वास्थ्य निधि के कम इस्तेमाल पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने राज्यों द्वारा आवंटित स्वास्थ्य निधि के कम उपयोग पर सोमवार को गहरी चिंता व्यक्त की और उनसे स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। यहां 17वें सिविल सेवा दिवस समारोह के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए नड्डा ने कहा, ''मैं यह नहीं चलने दूंगा कि पैसा नहीं है या इसे खर्च करने की क्षमता नहीं है। पहले से दिए गए धन के लिए उपयोग प्रमाण पत्र भी जमा नहीं किए गए हैं।'' उन्होंने हाल में एक राज्य के दौरे का जिक्र किया, जहां बार-बार निविदाओं और उपकरण खरीद में देरी के कारण आवंटित धनराशि तीन साल तक खर्च नहीं हुई। उन्होंने कहा, ''मॉडल बदल गए हैं, नए संस्करण आ गए हैं, लेकिन निविदा प्रक्रिया अभी तक शुरू भी नहीं हुई है।'' समस्या की जड़ में क्रियान्वयन को बताते हुए नड्डा ने कहा, ''हम दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम का लक्ष्य रख सकते हैं...हम इसे बर्बाद नहीं होने देंगे।'' उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक स्तरों पर जवाबदेही और समन्वय आवश्यक है, खासकर तब जब स्वास्थ्य के लिए लोगों द्वारा किया जाने वाला खर्च 62 प्रतिशत से घटकर 39 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने इसे आम नागरिकों को होने वाले लाभ का स्पष्ट संकेत बताया। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रशासनिक सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य निदेशकों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित कई अधिकारियों के पास उचित प्रशिक्षण का अभाव है और वे निर्णय लेने में हिचकिचाते हैं।

## सिविल सेवा में भ्रष्टाचार संघीय राजनीति के लिए खतरनाक : धनखड़

**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि निरंतर विकास और स्थिरता सुनिश्चित करने में सिविल सेवा सर्वोपरि है, लेकिन इसमें भ्रष्टाचार संघीय राजनीति के लिए खतरनाक है। जयपुर में 'फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज' (फोर्टी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र के शासन में, सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सिविल सेवक विकास की दिशा तय करते हैं। सिविल सेवक नीतियों को जमीनी हकीकत में बदलने का माध्यम होते हैं। धनखड़ ने आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश के सभी सिविल सेवकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, अलग-अलग दल अलग-अलग प्रांतों में शासन करते हैं,



जिससे सिविल सेवा की अहमियत और भी बढ़ जाती है।'' उन्होंने सिविल सेवकों को ''संघवाद के वास्तविक प्रहरी और रक्षक'' बताते हुए कहा कि इस दिन पर सिविल सेवकों को व्यवस्थित और नियमानुसार कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''यदि सिविल सेवक राजनीतिक व्यवस्था, नेताओं या उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य के चुनिंदा लोगों के साथ गठजोड़ करते हैं तो इससे सम्पूर्ण व्यवस्था कमजोर हो जाती है। सिविल सेवा का यह अनुचित मेल संघीय व्यवस्था के लिए भी अत्यंत खतरनाक है।'' उपराष्ट्रपति ने अपेक्षा व्यक्त की कि देश के सिविल सेवक सर्वोच्च मानकों का उदाहरण प्रस्तुत करें और पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाएं। उन्होंने कहा, ''भारत के सिविल सेवकों ने यह साबित कर दिया है कि कोई भी काम उनकी योग्यता से परे नहीं है।'' राज्य की प्रगति को नयी दिशा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, कपड़ा, हस्तशिल्प, सेवा उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अकल्पनीय संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''राजस्थान सेवा उद्योग, आईटी उद्योग और शिक्षा के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, फिर भी ग्रीनफील्ड परियोजनाएं नहीं आ रही हैं।'' धनखड़ ने 'फोर्टी' जैसे संगठनों से कई थिंक टैंक स्थापित करने का आह्वान किया जो राजस्थान के उत्पादों में मूल्य संवर्धन पर केंद्रित हों। उपराष्ट्रपति ने जयपुर को ''विश्व स्तरीय शहर'' बताते हुए कहा, यह राज्य अधिक ध्यान दिए जाने, विकास और सेवा तथा आईटी उद्योगों के गढ़ के रूप में पहचान बनाने का हकदार है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमारे पास गुणवत्तापूर्ण जीवन और व्यंजन प्रदान करने की क्षमता है।''

## महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर दुबई से लौटे पति की हत्या की, शव के टुकड़ों को सूटकेस में भरकर फेंका

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर दस दिन पहले दुबई से लौटे अपने पति की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि शव उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर एक खेत में पड़े सूटकेस से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि सूटकेस पर लगे विमानन कंपनी के टैग के जरिये मृतक की पहचान हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तरकुलवा थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी एक किसान ने रविवार सुबह अपने खेत में एक लावारिस ट्रॉली बैग देखा, जिसके अंदर एक व्यक्ति के शव के टुकड़े थे। पुलिस ने नौशाद अहमद (38) की पहचान विमानन कंपनी के टैग के जरिए की जो सूटकेस पर लगा था। जब अधिकारी नौशाद के घर पहुंचे तो उसकी पत्नी रजिया (30) ने शुरू में दावा किया कि वह पिछली रात बाहर गई हुई थी। हालांकि, घर के अंदर खून के धब्बे तथा एक और सूटकेस मिलने से शक पैदा हुआ। पूछताछ करने पर उसने नौशाद के भतीजे रुमान (28) के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने की बात कबूल की। अहमद महज 10 दिन



पहले ही अपने पैतृक गांव भटौली लौटा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद वर्मा ने बताया कि हत्या रात करीब दो बजे की गई। अधिकारी ने बताया कि रजिया, रुमान और उसके दोस्त हिमांशु ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया। शर्मा ने बताया कि उन्होंने शव को दो टुकड़ों में काटा, उसे एक सूटकेस में भरा और एक वाहन में भरकर उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर एक खेत में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि छह घंटे के भीतर हमारी टीम ने विमानन कंपनी के टैग पर बारकोड का पता लगाया और मृतक की पहचान की। अधिकारी ने बताया कि रजिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल हथियार एक कुल्हाड़ी, एक चॉपर और एक मूसल बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रुमान और हिमांशु फरार हैं। नौशाद की बहन ने आरोप लगाया कि रजिया और रुमान के बीच प्रेम संबंध थे तथा उन्होंने कड़ी सजा की मांग की। नौशाद के परिवार में उनकी छह साल की बेटी है। इस वारदात ने मेरठ की घटना को ताजा कर दिया। इससे पहले 4 मार्च को, पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ राजपूत की मेरठ के इंदिरानगर इलाके में उनके घर पर उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उनके प्रेमी साहिल ने हत्या कर दी थी। दोनों ने कथित तौर पर राजपूत को नशीला पदार्थ दिया और चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी। बाद में उन्होंने राजपूत के शरीर के टुकड़े कर दिए, उसका सिर और हाथ अलग कर दिए और सीमेंट से भरे नीले रंग के ड्रम में छिपा दिया। एक अन्य घटना में 12 अप्रैल को अमित कश्यप (30) की उसकी पत्नी रवीता (27) और उसके प्रेमी अमरदीप (19) ने गला घोंटकर हत्या कर दी। इस हत्या को अंजाम देने के बाद, दोनों ने कश्यप के बिस्तर के पास एक जहरीला सांप रख दिया ताकि यह लगे कि यह सांप के काटने का मामला है।

## बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध: रोहित, विराट शीर्ष श्रेणी में बरकरार, अय्यर और किशन की वापसी




**नयी दिल्ली :** भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है।बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड रुपए है। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपये है। पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपये है। ऋषभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है। श्रेणी ए में सालाना पांच करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। श्रेणी सी में खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या, कुल मिलाकर 19 है, जिसमें हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी के रूप में चार नए खिलाड़ी शामिल हैं।एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था।तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची:ए प्लस श्रेणी: रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जड़ेजा ए श्रेणी: मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत बी श्रेणी: सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर सी श्रेणी: रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## रोहित शर्मा ने बीसीसीआई द्वारा बर्खास्त किए गए अभिषेक नायर को धन्यवाद दिया

**मुंबई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को अपने पुराने दोस्त अभिषेक नायर को धन्यवाद दिया जिन्हें कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया गया था। रोहित ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना अर्धशतक पूरा करने का जश्न मनाते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की और 'कैप्शन' में नायर को टैग किया। सैंतीस वर्षीय रोहित ने सोमवार को लिखा, 'धन्यवाद भाई अभिषेक नायर।' रोहित और नायर का बहुत पुराना रिश्ता है। दोनों घरेलू सर्किट में मुंबई के लिए साथ साथ खेले हैं। जब भी भारतीय कप्तान शहर में होते तो नायर उनके लिए निजी सत्र आयोजित करते। नायर की कोचिंग विशेषज्ञता का सभी खिलाड़ी सम्मान करते हैं। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी उनके मार्गदर्शन से फायदा हुआ है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच विजयी पारी खेलने के बाद राहुल ने नायर के मार्गदर्शन से मिले फायदे को स्वीकार करते हुए कहा था, 'अभिषेक नायर को बधाई। जब से वह भारतीय टीम में आए हैं, मैंने उनके साथ बहुत काम किया है।'

# शुभमन गिल की आंधी में उड़ा कोलकाता, गुजरात टाइटंस ने केकेआर को 39 रनों से हराया




**कोलकाता :** आईपीएल 2025 का 39वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। जिसमें शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने केकेआर को 39 रनों से हरा दिया। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने इस मैच में 90 रनों की शानदार पारी खेली। भले गिल शतक से चूक गए पर गुजरात उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इस मैच में जीत हासिल करने में कामयाब रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 39 रनों की जीत के बाद गुजरात टाइटंस पॉइंट टेबल पर 12 अंको और 6 जीत के साथ पहले स्थान पर आ गई है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 5 हार और 6 अंकों के साथ पॉइंट टेबल पर 7वें स्थान पर है।

❑ **शुभमन गिल ने खेली कप्तानी पारी**

बात करें मुकाबले की तो कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाए। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने शानदार 90 रनों की पारी खेली। गिल ने 55 गेंदों पर 90 रनों की पारी खेली जिसमें उन्होंने 10 चौके और 3 छक्के लगाए। इस दौरान गिल नर्वस नाइंटीज का शिकार हो गए।

❑ **गुजरात की पारी का हाल**

गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 52, शुभमन गिल 90, राहुल तेवतिया 0 रन बनाकर आउट हुए। जोस बटलर 41 और शाहरुख खान 11 रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा और आंद्रे रसेल को 1-1 सफलता मिली।

❑ **रहाणे ने लगाया अर्द्धशतक**

199 रनों के टारगेट का पीछा करते उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत बेहद खराब रही जब रहमानुल्लाह गुरबाज 1 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता की ओर से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 50 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। रहाणे ने 36 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्का लगाया। इस मैच में रहाणे ने आईपीएल में 500 चौके लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज 1, सुनील नरेन 17, अजिंक्य रहाणे 50, वेंकटेश अय्यर 14, आंद्रे रसेल 21, रमनदीप सिंह 1, मोईन अली 0, रिंकू सिंह 17 रन बनाकर आउट हुए। अंगकृष रघुवंशी 27 रन और हर्षित राणा 1 रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 159 रन ही बना पाई और ये मुकाबला 39 रनों से हार गई।

## भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करेंगे: धोनी




**मुंबई :** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा,'हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा।'

## लखनऊ के खिलाफ दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

**लखनऊ :** दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे।दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन लखनऊ की टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा।आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढा होगा। इससे उसकी टीम ने दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत दर्ज कर सकती है। इसके विपरीत लखनऊ की टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन माक्ररम के रूप में शीर्ष क्रम में तीन धाकड़ बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## न्यूज अपडेट

### भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में जीत का सिलसिला जारी रखा

**अम्मान (जॉर्डन) :** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता पंचकुला में नहीं बेंगलुरु में होगी

**नयी दिल्ली :** नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरू के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा जिसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

### प्रबल दावेदारों को पछाड़कर रेलवे के प्रणव प्रमोद को पुरुषों की 100 मीट दौड़ में स्वर्ण पदक

**कोच्चि :** रेलवे के धावक प्रणव प्रमोद सोमवार को यहां प्रबल दावेदारों को पछाड़कर राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीतने में सफल रहे। । फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीतने वाले 23 वर्षीय प्रणव ने चार दिवसीय प्रतियोगिता के शुरूआती दिन 10.27 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। प्रमोद ने राष्ट्रीय खेलों में रजत जीतने वाले अपने 10.32 सेकेंड के समय में सुधार किया लेकिन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित एशियाई चैंपियनशिप के 10.25 सेकेंड के क्वालीफाइंग समय से चूक गए। ओडिशा के अनिमेष कुजूर और कर्नाटक के मणिकांत होबलीधर 10.32 सेकेंड और 10.35 सेकेंड के समय के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिलायंस के एथलीट गुरिंदरवीर सिंह रंग में नहीं दिखे और 11.21 सेकेंड के समय से आठवें और अंतिम स्थान पर रहे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के सचिन यादव ने साबित किया कि उनमें उज्ज्वल संभावना है। उन्होंने 83.86 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जो उन्होंने पांचवें प्रयास में हासिल किया।

### ईडन गार्डन्स के क्यूरेटर की आलोचना करने पर सीएबी ने भोगले और डूल की शिकायत की

**कोलकाता :** हर्षा भोगले और साइमन डूल द्वारा अपने क्यूरेटर की सार्वजनिक आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने दोनों क्रिकेट विशेषज्ञों की शिकायत की और बीसीसीआई से अनुरोध किया है कि उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के घरेलू मैचों के लिए कमेंट्री की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाए। भोगले और डूल उस समय विवाद में फंस गए जब न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अगर क्यूरेटर स्पिनरों के मुफीद पिच के लिए टीम के अनुरोध पर ध्यान नहीं दे रहे हैं तो केकेआर को अपनी फ्रेंचाइजी को स्थानांतरित कर देना चाहिए जबकि भोगले ने कहा कि टीम को घरेलू लाभ मिलना चाहिए। केकेआर के अपने पहले तीन घरेलू मैचों में से दो में हारने के बाद एक वेबसाइट पर पैनल चर्चा के दौरान यह हुआ। उनकी टिप्पणियों से नाराज सीएबी सचिव नरेश ओझा ने करीब 10 दिन पहले बीसीसीआई को पत्र लिखकर भोगले और डूल को उनके घरेलू मैचों के कमेंट्री पैनल से हटाने का अनुरोध किया था।दिलचस्प बात यह है कि सोमवार को केकेआर और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मैच के दौरान न तो भोगले और न ही डूल कमेंट्री पर थे।हालांकि भोगले के करीबी सूत्रों ने बताया कि प्रसिद्ध कमेंटेटर को केकेआर के किसी भी मैच के लिए नहीं चुना गया।यह पुष्टि नहीं हो सकी कि कमेंट्री कार्यक्रम सीएबी की औपचारिक शिकायत से पहले या बाद में तय किया गया था।



## न्यूज इन ब्रीफ

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली :** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े। सोमवार को जारी ताजा पेरोल आंकड़ों के अनुसार, यह आंकड़ा पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.99 प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए। मंत्रालय ने कहा कि नए सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल जागरूकता कार्यक्रमों के कारण है।

### सरकार ने कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत का रक्षोपाय शुल्क लगाया

**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को कुछ इस्पात उत्पादों पर 200 दिन के लिए 12 प्रतिशत अस्थायी रक्षोपाय (सेफगार्ड) शुल्क लगाया है, ताकि घरेलू कंपनियों को सस्ते आयात की बाढ़ से बचाया जा सके। यह निर्णय वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश पर लिया गया है। पिछले महीने यह शुल्क लगाने का सुझाव दिया गया था। राजस्व विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, '...केंद्र सरकार, महानिदेशक (व्यापार उपचार) के उक्त निष्कर्षों पर विचार करने के बाद, मूल्य अनुसार 12 प्रतिशत की दर से अस्थायी रक्षोपाय शुल्क लगाती है।' इसमें कहा गया है कि इस अधिसूचना के तहत लगाया गया रक्षोपाय शुल्क अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो सौ दिन की अवधि (जब तक कि इसे पहले रद्द, प्रतिस्थापित या संशोधित नहीं किया जाता) के लिए प्रभावी रहेगा।

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी; बैंक, आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 855 अंक चढ़ा

**पांच दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपये बढ़ी**



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसका कारण बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में सात प्रतिशत बढ़कर 18,835 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब दो प्रतिशत मजबूत हुआ। इससे बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.20 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 1.67 प्रतिशत की तेजी आई। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है।' विश्लेषकों के अनुसार, बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बीएसई के 2,918 शेयर लाभ में जबकि 1,168 शेयर नुकसान में रहे। जबकि 161 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। हांगकांग का बाजार बंद था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अमेरिका शेयर बाजार 'गुड फ्राइडे' के कारण शुक्रवार को बंद रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.71 प्रतिशत टूटकर 66.25 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बृहस्पतिवार को बीएसई सेंसेक्स 1,508.91 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी में 414.45 अंक की तेजी रही थी। शेयर बाजार शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण बंद थे।

## दूरसंचार ग्राहकों की संख्या जनवरी में बढ़कर 119 करोड़, नए कनेक्शन जोड़ने में एयरटेल सबसे आगे



**नयी दिल्ली :** देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या जनवरी में मामूली बढ़कर 119 करोड़ हो गई। इसमें एयरटेल, वायरलाइन और मोबाइल खंड में नए ग्राहक जोड़ने में सबसे आगे रही। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्राई ने दूसरी बार मासिक ग्राहक रिपोर्ट में ब्रॉडबैंड ग्राहकों का अद्यतन आंकड़ा जारी नहीं किया क्योंकि रिलायंस जियो और भारती एयरटेल ने दिसंबर और जनवरी के लिए निर्धारित प्रारूप में आंकड़े जमा नहीं किये। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत में कुल टेलीफोन ग्राहकों की संख्या दिसंबर, 2024 के अंत के 118 करोड़ 99.2 लाख से बढ़कर जनवरी, 2025 के अंत में 119 करोड़ 20.3 लाख हो गई, जिससे मासिक वृद्धि दर 0.18 प्रतिशत रही है।'' जनवरी में क्रमशः 16.53 लाख और 1.17 लाख ग्राहकों को जोड़कर एयरटेल ने क्रमश: मोबाइल और वायरलाइन खंड में वृद्धि की अगुवाई की। जनवरी, 2025 के दूरसंचार ग्राहकों के आंकड़ों में नियामक ने 5-जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) को वायरलेस सेवा के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया, जिसके कारण रिलायंस जियो वायरलाइन ग्राहक आधार में 43.36 लाख से अधिक की सबसे बड़ी गिरावट आई। वर्तमान में, केवल रिलायंस जियो और भारती एयरटेल ही 5-जी एफडब्ल्यूए सेवा प्रदान करती हैं। रिलायंस जियो 48.44 लाख ग्राहकों के साथ 5-जी एफडब्ल्यूए खंड में सबसे आगे है, जबकि एयरटेल के पास 8.72 लाख ग्राहक हैं।

## वाहनों के हॉर्न में भारतीय संगीत के इस्तेमाल की योजना: गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि वह एक ऐसा कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं, जिसके तहत वाहनों के हॉर्न में केवल भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की ध्वनि का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। गडकरी ने 'नवभारत टाइम्स' के 78वें स्थापना वर्ष समारोह में कहा, 'मैं एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रहा हूं कि सभी वाहनों के हॉर्न भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों पर आधारित हों, ताकि उन्हें सुनना सुखद हो। बांसुरी, तबला, वायलिन, हारमोनियम।' उन्होंने कहा कि देश में वायु प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत है। नरेन्द्र मोदी सरकार मेथनॉल, एथनॉल सहित हरित और जैव ईंधन पर चलने वाले वाहनों को बढ़ावा दे रही है। गडकरी ने कहा कि भारत को दोपहिया वाहनों और कारों के निर्यात से अधिकतम राजस्व मिलता है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारतीय वाहन क्षेत्र का मूल्य 14 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। गडकरी ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है।

## भारत, अमेरिका के बीच अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर की उम्मीद: सीतारमण



**सैन फ्रांसिस्को :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि अमेरिका की नयी सरकार के साथ भारत सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि दोनों देशों के बीच इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। उन्होंने यहां भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में कहा, ''हम उन देशों में शामिल हैं, जो अमेरिका की नयी सरकार के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।'' इस साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई थी। अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाने की आशंका के बीच यह बातचीत हो रही है। वित्त मंत्री ने कहा, ''हमने यहां सरकार के साथ बातचीत को जो प्राथमिकता दी है, वह फरवरी में प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे से भी स्पष्ट है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री यहां आए थे। मैं यहां इसलिए आई हूं, क्योंकि मुझे आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठक में भी शामिल होना है।'' सीतारमण ने आगे कहा, ''मैं यहां अपने समकक्ष वित्त मंत्री से मिलने वाली हूं। हम पूरे उत्साह से अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। मैं यहां हूं, और अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं।'' उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज शाम या कल प्रधानमंत्री से मिलेंगे।'' सीतारमण ने कहा कि अमेरिका और भारत ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का लक्ष्य रखा है, जो एक तरह का मुक्त व्यापार समझौता है। दोनों ने प्रस्तावित बीटीए को दो चरणों में पूरा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत का मकसद केवल जवाबी शुल्क के मुद्दे को सुलझाना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो अप्रैल को भारत और चीन सहित कई देशों पर व्यापक जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, नौ अप्रैल को उन्होंने चीन और हांगकांग को छोड़कर बाकी देशों पर 90 दिन तक शुल्क स्थगित करने का आदेश दिया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल बुनियादी ढांचे और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत की प्रगति का जिक्र भी किया।

## रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 85.15 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** विदेशी बाजारों में डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बीच विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 85.15 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपये में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर इंडेक्स 99 अंक के स्तर से नीचे टूटता हुआ अपने तीन साल के सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी कोषों का निवेश प्रवाह बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी रुपये को फायदा पहुंचाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.15 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चतम स्तर 85.03 और निम्नतम स्तर 85.19 के बीच घूमने के बाद कारोबार के अंत में 85.15 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 23 पैसे की बढ़त है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4214 अंक 024, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in